दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-44, अंक 221
कोटद्वार गुरूवार
15 दिसम्बर 2022, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

निगम भ्रष्टाचार का मुख्य आरोपी लेखाकार पंकज रावत गिरफ्तार

◆फर्जी हस्ताक्षर कर नगर निगम को लाखों का चूना लगाने का आरोप
◆पूर्व में महिला ठेकेदार व एक पार्षद को पुलिस कर चुकी है गिरफ्तार

जयन्त प्रतिनिधि

कोटद्वार: नगर निगम कोटद्वार में धोखाधड़ी कर लाखों का गबन करने वाले मुख्य आरोपी लेखाकार पंकज रावत को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामले में महिला ठेकेदार व एक पार्षद को पुलिस पूर्व में गिरफ्तार हो चके हैं। फरार पंकज रावत पर पुलिस ने दस हजार रुपये का इनाम भी रखा था।

अक्टूबर 2022 में नगर आयुक्त किशन सिंह नेगी ने कोतवाली में दी तहरीर में कहा था कि निगम की बैलेंस शीट तैयार करने के दौरान यह बात सामने आई कि कूटरचित चेक बनाकर 23.89 लाख के सरकारी धन का गबन किया गया। नगर निगम में वर्ष 2021 में सुमिता देवी को ठेकेदार के तौर पर पंजीकृत किया गया। सुमिता देवी को उस कार्य का भुगतान किया गया, जिस कार्य का भुगतान वर्ष 2019 में किशोर कुमार को किया जा चुका था। भुगतान से पूर्व फर्जी तरीके से सुमिता देवी का नाम 2019 की निविदादाता सूची में अंकित किया गया। साथ ही अवर अभियंता के फर्जी हस्ताक्षरों से बिल तैयार कर 17 लाख से अधिक का भुगतान कर दिया गया। नगर आयुक्त की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने तत्कालीन लेखाकार पंकज रावत व ठेकेदार सुमिता देवी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह ने बताया कि विवेचना में यह बात सामने आई थी कि पार्षद कुलदीप आरोपित सुमिता देवी का ठेकेदारी का पूरा काम देखता था। साथ ही सुमिता देवी को भुगतान की गई 17 लाख से अधिक धनराशि में से 15 लाख से अधिक धनराशि स्वयं निकालकर आरोपित पंकज रावत के साथ बांटी। बताया कि मामले में सुमिता देवी व पार्षद कुलदीप को पूर्व में ही गिरफ्तार किया जा चुका है। जबकि, फरार पंकज रावत की गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे थे। बताया कि बुधवार को पुलिस ने पंकज रावत को भी गिरफ्तार कर लिया। जिसे न्यायालय के समक्ष पेश करने के बाद पौड़ी जेल भेज दिया गया है।

कोटद्वार पुलिस की हिरासत में लेखाकार पंकज रावत ।

कुर्की की हो रही थी तैयारी

फरार पंकज रावत की गिरफ्तारी के लिए कोतवाली पुलिस लगातार दबिश दे रही थी। लेकिन, पुलिस को उसके बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पा रही थी। ऐसे में पुलिस ने उसके ऊपर दस हजार रुपये का इनाम भी रखा था। साथ ही पुलिस गिरफ्तान न होने की दशा में उसके घर व संपति की कुर्की की भी तैयारी कर रही थी। आरोपी पंकज रावत की ओर से अदालत में सरेंडर करने के लिए प्रार्थनापत्र दिया गया था। पंकज को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही थी।

भ्रष्टाचारियों पर होगी कड़ी कार्रवाई : आयुक्त

नगर निगम के नव नियुक्त नगर आयुक्त वैभव गुप्ता ने बताया कि नगर निगम में हुए भ्रष्टाचार की जांच में किसी भी स्तर पर कमी नहीं आने दी जाएगी।

भ्रष्टाचार में लिप्त प्रत्येक व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बताया कि नगर निगम में हुआ घोटाला एक गंभीर विषय है। इस दौरान उन्होंने जन समस्याओं का भी गंभीरता से निकर-ाकरण करने की बात कही। कहा कि अतिक्रमण, ट्रेंचिंग ग्राउंड व अन्य समस्याओं के निराकरण का कार्य किया जाएगा।

मुद्दों को संवैधानिक तरीके से सुलझाएंगे : शाह

मुंबई, एजेंसी। कर्नाटक से जारी सीमा विवाद के बीच महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे बुधवार को दिल्ली पहुंचे। यहां उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इस दौरान कर्नाटक के मुख्यमंत्री भी मौजूद थे। इससे पहले सीएम शिंदे ने कहा था कि बैठक में हम महाराष्ट्र की जनता के हितों पर चर्चा करेंगे। मुझे आशा है कि यह सकारात्मक परिणाम के साथ सकारात्मक बैठक होगी।

जानकारी के मुताबिक, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने महाराष्ट्र-कर्नाटक सीमा विवाद के संबंध में एक बैठक की अध्यक्षता की।

इस दौरान महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री शिंदे, डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस और कर्नाटक के मुख्यमंत्री बासवराज बोम्मई के साथ कर्नाटक के गृह मंत्री अरागा ज्ञानेंद्र भी उपस्थित थे।

बैठक के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि कर्नाटक और महाराष्ट्र के बीच सीमा को लेकर विवाद उत्पन्न हुआ था।

स्कूल में पिटाई से घायल बच्चे की उपचार के दौरान मौत

रुड़की। रहमानिया इंटर कलेज में छात्र की पिटाई से घायल बच्चे को निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। यहां से उसे चंडीगढ़ रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान मंगलवार देररात उसकी मौत हो गई। यह खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। उन्होंने विद्यालय परिसर में हंगामा किया। पुलिस ने विद्यालय के अन्य बच्चों के बयान दर्ज कर कार्रवाई शुरू की है। रहमानिया इंटर कलेज में कक्षा तीन में पढ़ने वाले छात्र अली के परिजनों का कहना है कि उसके साथ 10 दिसंबर को मारपीट की गई थी। आरोप है कि स्कूल के प्रबंधक ने बेरहमी से बच्चे की पिटाई कर दी थी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। अली के साथ उसका छोटा भाई भी इसी विद्यालय में पढ़ता है। अली के साथ पढ़ने वाले बच्चे किसी तरह उसे घर तक लेकर आए।

देश में कोविड के 152 नए मामले आए सामने

नई दिल्ली,एजेंसी । भारत में एक दिन में कोरोना वायरस संक्रमण के 152 नए मामले सामने आने के बाद देश में अभी तक संक्रमित हुए लोगों की संख्या बढ़कर 4,46,75,247 हो गई, जबकि उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 3,846 पर पहुंच गईक्र

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से बुधवार सुबह आठ बजे जारी अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, देश में लगातार तीसरे दिन संक्रमण से मौत का कोई मामला सामने नहीं आया और मृतक संख्या 5,30,658 पर स्थिर है. देश में कोरोना वायरस संक्रमण के उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 3,846 हो गई है, जो कुल मामलों का 0.01 प्रतिशत है.पिछले 24 घंटे में उपचाराधीन मरीजों की संख्या में एक मामले की वृद्धि दर्ज की गई.

अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर 98.80 प्रतिशत है. देश में अभी तक कुल 4,41,40,743 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं, जबकि कोविड-19 से मृत्यु दर 1.19 प्रतिशत है. स्वास्थ्य मंत्रालय की वेबसाइट के अनुसार, राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक कोविड-19 रोधी टीकों की 219.98 खुराक दी जा चुकी हैं.गौरतलब है कि भारत में सात अगस्त 2020 को कोरोना वायरस संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी. संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2020 को 50 लाख, 28 सितंबर 2020 को 60 लाख, 11 अक्टूबर 2020 को 70 लाख, 29 अक्टूबर 2020 को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे. देश में 19 दिसंबर 2020 को ये मामले एक करोड़ से अधिक हो गए थे.

बाइक सवार 2 लोगों ने नाबालिग लड़की पर फेंका तेजाब

नईदिल्ली,एजेंसी । बुधवार सुबह 2 बाइक सवारों ने उत्तम नगर के पास एक 17 वर्षीय लड़की पर तेजाब जैसा पदार्थ दें क दिया। पुलिस के मुताबिक, उन्हें मामले की सूचना सुबह करीब नौ बजे मिली। पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में ले लिया है। पुलिस उपायुक्त (द्वारका) एम हर्षवर्धन ने बताया कि मोहन गार्डन थाना क्षेत्र में एक लड़की पर एसिड दें कने की घटना के संबंध में सुबह करीब 9 बजे एक पीसीआर कल आयी। काल में बताया गया कि 17 साल की एक लड़की पर सुबह 7.30 बजे बाइक सवार दो व्यक्तियों द्वारा किसी तेजाब जैसे पदार्थ से हमला किया गया।

हाड़ गलाने वाली ठंड में भी सीमा पर डटे हिमवीर

पिथौरागढ़। उच्च हिमालयी क्षेत्रों में लगातार हो रही बर्फबारी से सुरक्षा एजेंसियों की चुनौतियां बढ़ गई हैं। यहां तापमान शून्य डिग्री से नीचे पहुंच गया है। इन हालातों में भी हिमवीर चीन सीमा पर जुटे हैं। वे बर्फ पिघलाकर अपनी प्यास बुझा रहे हैं।

चीन सीमा पर 16500 फीट की ऊंचाई पर स्थित दुंग में चार से पांच फीट से अधिक बर्फ गिरी है। बर्फबारी के बाद यहां अधिकतम तापमान माइनस आठ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है जबकि मिलम में तापमान माइनस दो डिग्री तक दर्ज किया गया है। दारमा घाटी की 15 हजार फीट की ऊंचाई पर स्थित दावे चौकी में पांच फीट से अधिक बर्फ है। 14500 फीट की ऊंचाई पर स्थित लिपुलेख चौकी में तीन से चार फीट बर्फ गिरी है। चीन सीमा पर स्थित अग्रिम चौकी बुगडियार, दुंग, रिलकोट सहित कई स्थानों पर तापमान माइनस सात डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है।बर्फबारी के बाद जवानों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। अग्रिम चौकियों पर तैनात जवानों के लिए चिनूक हेलीकप्टर से खाद्य और अन्य सामग्री पहुंचाई जा रही है। भारतीय वायु सेना के लड़ाकू विमान भी समय-समय पर चीन सीमा की निगरानी कर रहे हैं।

सीएम ने की खेल कोटा शुरू करने की घोषणा

अखिल भारतीय पुलिस तीरंदाजी प्रतियोगिता शुरू, 26 टीमें कर रही प्रतिभाग

जयन्त प्रतिनिधि

देहरादून : खिलाड़ियों के लिए खुशी की खबर है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश में खेल कोटा पुनः प्रारंभ करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने बुधवार को पुलिस लाइन, देहरादून में 11वीं अखिल भारतीय पुलिस तीरंदाजी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विभिन्न राज्यों एवं सशस्त्र बलों से पहुंचे तीरंदाज खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए कहा कि भारत की धरती तीरंदाजी की जननी रही है। तीरंदाजी जिसे भारतीय संस्कृति में धनुर्विद्या के नाम से जाना जाता रहा है, प्रमुख खेल होने के साथ ही युद्ध कला की एक प्राचीन विद्या भी रही है। त्रेतायुग में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम और भगवान परशुराम की धनुर्विद्या की बात करें या द्वापर युग में भीष्म, अर्जुन, कर्ण और वीर अभिमन्यु की धनुर्विद्या की बात करें, हमारा इतिहास महान योद्धाओं और वीर धनुर्धरों की वीरता और धनुर्विद्या का साक्षी रहा है। देहरादून की महान धरती तो स्वयं में महान धनुर्धर गुरु द्रोण की तपस्थली रही है। इस प्रतियोगिता का आयोजन देहरादून में होना अपने आप में गर्व का विषय है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में खेलों को बढ़ावा देने के लिए नई खेल नीति को लागू की गई है। खेल नीति में खिलाड़ियों के उन्नयन और उनके बुनियादी सुविधाओं के लिए व्यवस्था की गई है। खेल व्यक्ति के चहुंमुखी विकास के लिए लाभदायक हैं। खेल हमें समयबद्धता, धैर्य, अनुशासन और समूह में कार्य करने की प्रेरणा भी देते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल के क्षेत्र में हमारे युवाओं द्वारा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का नाम रोशन किया जा रहा है। पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार ने कहा कि उत्तराखण्ड में अखिल भारतीय पुलिस तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन पहली बार हो रहा है। इस आयोजन में 19 राज्यों की पुलिस टीम समेत सशस्त्र बलों को मिलाकर कुल 26 टीमों द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है। 14 से 19 दिसम्बर तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में कुल 316 खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं, जिनमें 196 पुरुष और 120 महिला खिलाड़ी शामिल हैं। इस अवसर पर मेयर सुनील उनियाल गामा, विधायक कैंट श्रीमती सविता कपूर, उत्तराखण्ड आर्चरी एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र तोमर, आयोजन सचिव मुख्तार मोहसिन, पुलिस विभाग के उच्चाधिकारी, राष्ट्रीय और अंतरर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी मौजूद थे।

तीरंदाजी प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

बागेश्वर में उत्तरायणी मेले का होगा भव्य आयोजन

जयन्त प्रतिनिधि।

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि बागेश्वर में मकर संक्रांति पर आयोजित किये जाने वाले उत्तरायणी मेले को भव्य रूप से मनाया जाएगा। इसे राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय पहचान दिलाने के लिए हर सम्भव प्रयास किया जाएगा।

स्थानीय संस्कृति को प्रमुखता देते हुए प्रवासी उत्तराखण्डियों को उत्तरायणी मेले से जोड़ा जाएगा। मेले को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पहचान मिले, इसके लिए देश विदेश के पर्यटकों को बागेश्वर के उत्तरायणी मेले के सांस्कृतिक व ऐतिहासिक महत्व के बारे में जानकारी दी जाएगी। बागेश्वर के उत्तरायणी मेले को पर्यटन मानचित्र पर लाया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 25 दिसम्बर को पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्म जयंती पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। अटल के जन्म जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है। राज्य सरकार ने सुशासन के लिए अनेक महत्वपूर्ण पहल की हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड के अलग राज्य के रूप में निर्माण में अटल जी के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। उन्होंने राज्य के लिए विशेष औद्योगिक पैकेज की स्वीकृति देकर राज्य की मजबूत नींव रखी थी। अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व व मार्गदर्शन में राज्य में विकास के अभूतपूर्व काम हो रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरू गोविन्द सिंह जी महाराज के पुत्र साहिबजादा जोरावर सिंह और साहिबजादा फतेह सिंह ने अपनी छोटी सी उम्र में धर्म की रक्षा के लिये अपने प्राणों का बलिदान दिया था। प्रधानमंत्री ने इस सर्वोच्च बलिदान के सम्मान में 26 दिसम्बर को "वीर बाल दिवस" के रूप में मनाये जाने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड में भी इस अवसर पर विशेष रूप से राज्य के विद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे।

जहरीली शराब पीने से अब तक 25 की मौत

तीन शवों का बिना पोस्टमार्टम कर दिया अंतिम संस्कार

छपरा, एजेंसी। शराबबंदी वाले बिहार में एक बार फिर से जहरीली शराब का कहर देखने को मिला है। सारण जिले में जहरीली शराब पीने से मौत का आंकड़ा बढ़कर 25 पहुंच चुका है। इसमें सबसे अधिक मसरख के 10 लोगों की मौत हुई है, जबकि अमनौर के तीन एवं मढ़ौरा के एक व्यक्ति शामिल है। वहीं, बीमार पड़े कई लोगों ने आंखों की रोशनी घटने की शिकायत भी की है।

ताजा जानकारी के अनुसार, प्रशासन ने अभी तक 16 शवों का पोस्टमार्टम कराया है। वहीं तीन शवों का मृतकों के परिजनों ने पोस्टमार्टम कराए बिना ही अंतिम संस्कार कर दिया है। आधा दर्जन से अधिक लोगों का उपचार सदर अस्पताल एवं पटना के पीएमसीएच में चल रहा है। मृतकों के कई परिजन बीमारी से मौत होने की भी बात बता रहे हैं। पुलिस प्रशासन इस घटना पर कुछ भी बताने से इनकार कर रहा है।पुलिस कप्तान संतोष कुमार ने बताया कि पूरे मामले की अभी पड़ताल की जा रही है। घटना के बाद सोमवार की रात ही सदर अस्पताल में पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है।

इस घटना के विरोध में आक्रोशित ग्रामीणों ने मशरख हनुमान चौक स्टेट हाईवे-90 पर शव को रखकर जाम कर दिया है। स्थानीय ग्रामीण जिला प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर रहे हैं। मशरख में ग्रामीण उग्र प्रदर्शन कर रहे हैं। आक्रोशित लोगों को समझाने के लिए पुलिस के वरीय पदाधिकारी कई थाने के पुलिस के साथ वहां पहुंचे हुए हैं।

घटना के संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि इसुआपुर थाना क्षेत्र के डोइला से आए जहरीली शराब पीने से अमनौर, मढौरा एवं मशरख प्रखंड के अब तक 21 लोगों की मौत हुई है। कई गंभीर रूप से बीमार हैं। सभी बीमारों को मशरख स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। वहां से एक व्यक्ति को छपरा सदर अस्पताल रेफर किया गया है। सदर अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक, इसुआपुर थाना क्षेत्र में शराब पीने से डोयला गांव निवासी वकील सिंह के पुत्र संजय सिंह एवं मशरख जादू मोड निवासी यदु सिंह के पुत्र कुणाल कुमार की मौत पहले हुई, जबकि पचखान्दा के एक युवक सहित मशरख के हरेंद्र राम एवं डोयला के अमित कुमार की हालत नाजुक है।



पूर्व आरबीआई गवर्नर रघुराम राजन भारत जोड़ो यात्रा में हुए शामिल

जयपुर,एजेंसी । आरबीआई के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन बुधवार को राजस्थान में राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हुए। सवाई माधोपुर के भदोती से बुधवार सुबह फिर शुरू हुई यात्रा के दौरान राहुल गांधी की रघुराम राजन से आधे घंटे से अधिक समय तक चर्चा हुई। राजन आर्थिक मुद्दों पर बेबाक राय रखने के लिए जाने जाते हैं। दोनों ने एक डक्यूमेंट्री के लिए आर्थिक मुद्दों पर अपने विचार रखे।यूपीए के दूसरे कार्यकाल और मोदी सरकार के शुरूआती सालों में रघुराम राजन भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर थे। अधिकारियों ने पुष्टि की, कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में राजस्थान-हरियाणा सीमा पार करने के बाद एक हफ्ते का ब्रेक होगा। 24 दिसंबर से 2 जनवरी तक यात्रा पर ब्रेक रहेगा।

सरकार को चालू वित्त वर्ष में मिली 36,700 से अधिक पेंशन संबंधी शिकायतें: जितेंद्र सिंह

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्र सरकार को एक अप्रैल से लेकर छह दिसंबर तक पेंशन से संबंधित 36,700 से अधिक शिकायतें मिलीं हैं। केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि केंद्रीत पेंशन शिकायत निवारण और निगरानी प्रणाली के माध्यम से कुल 36,785 शिकायतें मिली, जिसमें से 11,891 पेंशनध्पारिवारिक पेंशन और अन्य सेवानिवृत्ति लाभों की देरी या गलत स्वीति से संबंधित थीं, जबकि 3,803 बकाया पेंशन और अन्य सेवानिवृत्ति लाभों का भुगतान न करने से संबंधित थे।

मालूम हो कि एक आनलाइन कम्प्यूटरीत प्रणाली है जिसे पेंशनभोगियों को तेजी से पहुंच प्रदान करने के अलावा शिकायतों का तुरंत निवारण और इसके प्रभावी निगरानी के उद्देश्य से विकसित किया गया है। केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री ने इस दौरान बताया कि 60 दिनों से अधिक समय में कुल 1,781 शिकायतों का निपटारा किया गया है। हालांकि इस अवधि के दौरान 5,082 अपीलें प्राप्त हुईं। सिंह ने इस दौरान बताया कि साल 2021-22 के दौरान 62,874, 2020-21 में 49,788 और साल 2019-20 के दौरान 39,684 शिकायतें प्राप्त हुईं।

मालूम हो कि लोकसभा में कांग्रेस, द्रमुक सहित कुछ विपक्षी दलों के सदस्यों ने प्रश्नकाल के दौरान कई मुद्दे उठाने का प्रयास किया और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से इसकी अनुमति नहीं मिलने पर सदन से वाकआउट किया।आज सुबह सदन की कार्यवाही शुरू होने पर कांग्रेस के अधीर रंजन चौधरी और द्रमुक के टी आर बालू को कुछ मुद्दों को उठाने का प्रयास करते देखा गया। हालांकि शोर-शराबे में उनकी आवाज नहीं सुनी जा सकी।

महाराज ने दुध्याड़ी देवी मेले को राजकीय मेला घोषित किया

गांव मजबूत होंगे तो देश मजबूत होगा

जयन्त प्रतिनिधि। नई टिहरी : वन पंचायतों में अलग-अलग प्रजाति के पेड़ लगा कर पंचायतें अपनी इनकम जनरेट करें। ग्राम पंचायतों में मेले लगायें, इससे हमारी लोक संस्कृति जीवित रहेगी और देश-विदेश में पहचान मिलेगी।उक्त बात प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने बुधवार को विधानसभा क्षेत्र घनसाली के अन्तर्गत पट्टी गोनगढ़ विकासखण्ड भिलंगना टिहरी गढ़वाल के माँ दुध्याड़ी देवी मेले में कही। उन्होंने माँ दुध्याड़ी देवी मेले को राजकीय मेला घोषित करते हुए सभी तरह के फण्ड दिये जाने की भी घोषणा की। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा कोविड काल में देश को डिगने नहीं दिया। एक ओर जहां चीन जैसे देश में आज भी लॉक-डाउन चल रहा है वहीं उनके प्रयासों के बाद भारत में सभी देशवासियों का वैक्सीनेशन करने के साथ ही अन्य देशों को भी वैक्सीन निर्गत की गई। उनके नेतृत्व में कोविड काल के बाद आज देश निरंतर विकास पथ पर आगे बढ़ रहा है। चारधाम यात्रा का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि चार धाम यात्रा के दौरान लाखों की संख्या में श्रद्धालु एवं पर्यटक उत्तराखण्ड पहुंचे, इससे लोगों को कोविड काल के दौरान हुई क्षति की पूर्ति हुई है। चारधाम के बाद अब सरकार शीतकालीन पर्यटन को भी बढ़ावा दे रही है, इसका लाइव प्रसारण किया जा रहा है, हमने सात सर्किट बनाये हैं, ताकि राज्य में पर्यटन को बढ़ावा मिल सके। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड को टूरिज्म एवं योगा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए पुरस्कृत भी किया गया है। पंचायत मंत्री श्री महाराज ने कहा कि हम पंचायतों को सशक्त बनाने के लिए दीन दयाल मिनी सचिवालय बना रहे हैं। स्वच्छता को लेकर पंचायतों में कॉम्पेक्टर लगा रहे हैं। कहा कि विकास कार्यों में कोई कमी नहीं आनी चाहिए, गांव मजबूत होंगे तो देश मजबूत होगा। लोक निर्माण मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि लाटा-सीता कोट-भट्टगांव-चौठारा कोट-कोट पौनाडा, दुध्याड़ी देवी मंदिर और घापडर मोटर मार्ग के डामरीकरण की डीपीआर शीघ्र तैयार की जाएगी। विधायक घनसाली शक्तिलाल शाह द्वारा कैबिनेट मंत्री श्री महाराज का स्वागत करते हुए विकास खण्ड भिलंगना के अन्तर्गत 11 मोटर मार्ग लागत धनराशि कुल 399.84 लाख के नव निर्माण की मांग की गई। कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि 17 दिसंबर को वह टिहरी जनपद को लोक निर्माण, लघु सिंचाई एवं पंचायती राज विभाग की 1289.82 लाख लागत की विकास योजना की सौगात भी देने जा रहे हैं।

सरकार के निर्णय के खिलाफ परिवहन कारोबारी जाएंगे कोर्ट

ऋषिकेश। विक्रम और ऑटो के परमिट को डीजल से बदलकर सीएनजी में किए जाने पर उत्तराखंड विक्रम टैम्पो महासंघ ने विरोध जताया है। इसके विरोध में महासंघ ने सरकार को न्यायालय की शरण में जाने की चेतावनी दी है।

बुधवार को नगर निगम ऋषिकेश के स्वर्ण जयंती सभागार में उत्तराखंड विक्रम टैम्पो महासंघ की बैठक हुई। बैठक में महासंघ अध्यक्ष महंत विनय सारस्वत ने कहा कि उत्तराखंड में सरकारी अधिकारी पूंजीपतियों से मिल कर उन्हें फायदा पहुंचाने के लिए विक्रम एंव ऑटो को सड़कों से हटाने का प्रयास कर रहे हैं। आरोप लगाया कि एनजीटी ने 10 वर्ष आयु सीमा से अधिक कॉमर्शियल वाहनों को प्रदूषण मुक्त करने के लिए विचार करने को कहा था, लेकिन आरटीए की बैठक में उद्योगपतियों के दवाब में विक्रम और ऑटो को बाहर करने का आदेश दे दिया गया। अब सरकार डीजल से चलने वाले विक्रम और ऑटो को हटाने में लगी है। जबकि अभी इन वाहनों की आयु सीमा बची हुई है। कहा कि सरकार अगर नहीं चेती तो महासंघ न्यायालय की शरण में जाएगा। मौके पर विक्रम यूनियन ऋषिकेश के उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह सजवाण, कोषाध्यक्ष हरिमोहन, त्रिलोक भंडारी, सुनील शर्मा, पंकज वर्मा, फेरू जगवानी, सुरेश जाटव, सरदार चंदन सिंह, द्वारिका प्रसाद आदि उपस्थित रहे।

367 अधिवक्ता आज चुनेंगे पदाधिकारी

ऋषिकेश। बार एसोसिएशन ऋषिकेश के वार्षिक चुनाव के लिए मतदात आज गुरुवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक होगा। करीब 367 अधिवक्ता एसोसिएशन के अध्यक्ष समेत विभिन्न पदाधिकारी चुनने के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। अध्यक्ष पद के लिए चार उम्मीदवार मैदान में है, इसमें निवर्तमान अध्यक्ष भी हैं। बुधवार को बार एसोसिएशन चुनाव को लेकर कचहरी में गहमागहमी रही। चुनाव में किस्मत आजमाने वाले विभिन्न पदों के उम्मीदवार जनसंपर्क करते नजर आए। मुख्य चुनाव अधिकारी खुशहाल सिंह कलूड़ा ने बताया कि गुरुवार को मतदान की सभी तैयारी पूरी कर ली गई हैं। बार भवन में चुनाव होंगे, इसके लिए मतपेटी की व्यवस्था कर दी है। अध्यक्ष पद पर राजेंद्र सिंह सजवाण, सुनील नवानी, कपिल शर्मा, दीपक अंथवाल, शैलेंद्र सेमवाल, रोहित गुप्ता, नरेश कुमार शर्मा, संयुक्त सचिव पद पर अमित बिरला और लाल सिंह मटेला के बीच मुकाबला होगा।

अतिक्रमण हटाने गई टीम बैरंग लौटी

ऋषिकेश। श्यामपुर न्याय पंचायत क्षेत्र के लक्कड़घाट विस्थापित क्षेत्र में अवैध निर्माण को ध्वस्त करने पहुंची वन विभाग की टीम को विरोध का सामना करना पड़ा। काफी जद्दोजहद के बाद विभागीय टीम को बिना कार्रवाई के बैरंग लौटना पड़ा। विभागीय अधिकारी के मुताबिक स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने दो दिन की मोहलत मांगी है, इससे कार्रवाई नहीं की गई। बुधवार को ऋषिकेश वन रेंज की वीरभद्र बीट के अंतर्गत लक्कड़घाट क्षेत्र में हुए अवैध निर्माण पर कार्रवाई के लिए वन प्रभाग देहरादून के एसडीओ अनिल रावत के नेतृत्व में टीम पहुंची। बताया जा रहा है कि विभागीय टीम ने अवैध निर्माण को चिह्नित करने की जैसे ही कार्रवाई शुरू की वैसे ही काफी संख्या में लोग जमा हो गए और विभागीय कार्रवाई का विरोध करने लगे। हंगामे की जानकारी मिलते ही क्षेत्र पंचायत सदस्य श्यामपुर संजीव चौहान, पूर्व प्रधान खदरी खड़कमाफ सुनीता रावत ने मौके पर पहुंचकर वन विभाग के अधिकारियों से वार्ता की। एसडीओ ने बताया कि वनभूमि पर अवैध निर्माण को लेकर विभाग अतिक्रमणकारियों को पहले दो बार नोटिस जारी कर चुका है। तीसरी बार नोटिस जारी कर अवैध निर्माण खुद ध्वस्त करने के लिए समय दिया था। लेकिन, निर्धारित समय में अतिक्रमण को नहीं हटाया गया। नियमानुसार अवैध निर्माण को ध्वस्त करने के लिए विभागीय टीम पहुंची। क्षेत्र पंचायत सदस्य संजीव चौहान के दो दिन की मोहलत मांगने पर वन विभाग की टीम को ध्वस्तीकरण की कार्रवाई किए बिना वापस लौटना पड़ा। एसडीओ ने कहा कि दो दिन बाद कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

हत्या प्रयास में छह लोगों पर केस दर्ज

विकासनगर। सहसपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत खुशालपुर गांव में पुरानी रंजिश को लेकर छह लोगों ने एक ग्रामीण और उसके भाई की जमकर लाठी डंडों से पिटाई कर दी। जिससे ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोपियों ने पीड़ित ग्रामीण के सिर पर लाठी डंडों से कई वार किए। जिससे ग्रामीण को गंभीर हालत में देहरादून अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पीडित का उपचार चल रहा है। पीड़ित ग्रामीण की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बल्बा, मारपीट, गाली गलौज और जान से मारने के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर दिया है।

ऊर्जा निगम की ओर से शिविर आयोजित

विकासनगर। नगर पंचायत कार्यालय में बुधवार को ऊर्जा निगम की ओर से शिविर आयोजित किया गया। जिसमें बिजली के बिलों की गलतियों को ठीक करने के साथ ही जनता की समस्याएं सुनी गई। ऊर्जा निगम के एसडीओ अतुल सिंह रावत ने बताया कि शिविर का उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का समाधान करना है।

कई उपभोक्ताओं के बिजली के बिल अधिक आ रहे हैं, उन्हें ठीक किया गया।

शिविर में समस्या रखते हुए उपभोक्ता अनिल नौटियाल ने अक्सर अचानक हाई वोल्टेज होने से घरों में रखे गए उपकरण खराब हो जाते हैं। कई बार इसकी शिकायत अधिकारियों से की जा चुकी है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

प्लास्टिक प्रतिबंधित करने को लेकर डीएम अध्यक्षता मे हुई औद्योगिक संस्थानों के प्रतिनिधियों एंव संबंधित अधिकारियों की बैठक

देहरादून। उच्च न्यायालय द्वारा प्लास्टिक प्रतिबंधित किए जाने हेतु पारित आदेशों के अनुपालन में जिलाधिकारी सोनिका की अध्यक्षता में औद्योगिक संस्थानों के प्रतिनिधियों एंव संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित करते हुए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों को निर्देश दिए कि उद्योगों के पंजीकरण हेतु जागरूकता कार्यक्रम के साथ ही मास्टर ट्रैनर के माध्यम से पंजीकरण हेतु प्रशिक्षण दिया जाए। साथ ही महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र को समन्वय स्थापित करते हुए औद्योगिक आस्थानों में पंजीकरण हेतु रोस्टरवार प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने इस हेतु व्यापक प्रचार–प्रसार करने के भी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने औद्योगिक आस्थानों में प्रयोग हो रहे प्लास्टिक को एकत्रित किए जाने की व्यवस्था के संबंध में भी व्यापारियों से चर्चा की तथा आपसी समन्वय से प्लास्टिक को एकत्रित करते हुए उसका निस्तारण की व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। साथ ही प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों को निर्देशित किया कि औद्योगिक आस्थानों के वेबसाइट पर पंजीकरण हेतु विशेष अभियान चलाते हुए जो संस्थान दायरे में आ रहे है उनका पंजीकरण कराएं।

एक नजर

डाकपत्थर महाविद्यालय में छात्रों ने धरना समाप्त किया

विकासनगर। वीर शहीद केसरी चंद राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय डाकपत्थर में बीते आठ दिनों से चल रहा छात्रों का धरना प्रदर्शन मंगलवार को समाप्त हो गया। जिला पंचायत अध्यक्ष ने छात्रों को उनकी मांगें सरकार तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। महाविद्यालय में प्राध्यापकों के रिक्त पदों को भरने, पुस्तकालय में पर्याप्त पुस्तकें मुहैया कराने, स्नातक और स्नातकोत्तर कक्षाओं में सीटें बढ़ाए जाने, बीएड पाठ्यक्रम को स्ववित्त पोषित से राजकीय किए जाने की मांग को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़े छात्र–छात्राएं बीते आठ दिनों से धरना दे रहे थे। मंगलवार को क्रीड़ा प्रतियोगिता के समापन पर बतौर मुख्य अतिथि महाविद्यालय पहुंचीं जिला पंचायत अध्यक्ष मधु चौहान को छात्रों ने समस्याओं से संबंधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन मिलने पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने छात्रों की सभी मांगों को प्रदेश सरकार के सामने रखकर उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि डाकपत्थर महाविद्यालय को विश्व स्तरीय उच्च शिक्षा का केंद्र बनाना प्रदेश सरकार की प्राथमिक योजनाओं में शामिल है। जल्द ही महाविद्यालय में सभी संसाधन मुहैया करा दिए जाएंगे। जिला पंचायत अध्यक्ष का आश्वासन मिलने के बाद छात्रों ने अपना धरना समाप्त कर दिया।

लापरवाही बरतने पर चीनी मिल का पंप मैन सस्पेंड

ऋषिकेश। डोईवाला चीनी मिल में लापरवाही का मामला सामने आया है। यहां मिल में कार्यरत पंप मैन नंदकिशोर को लापरवाही बरतने के मामले में अधिशासी निदेशक ने सस्पेंड कर दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार डोईवाला चीनी मिल में जूस मोटर का पंप ट्रिप हो जाने के चलते बंद हो गया था। लेकिन पंप में कार्यरत नंदकिशोर ने स्टैंड बाई पर रखे दूसरे पंप को शुरू नहीं किया, इससे जूस बहने लगा। इससे नुकसान की संभावना को देखते हुए मुख्य रसायनज्ञ पीके पांडे की संस्तुति पर पंप मैन नंदकिशोर को अधिशासी निदेशक डीपी सिंह ने सस्पेंड कर दिया है।

शीतलहर में कोई भी व्यक्ति रात्रि में खुले में न रहे: डीएम

देहरादून। जिलाधिकारी सोनिका ने जनपद में शीतलहर से पूर्व की तैयारियों के संबंध में ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में बैठक आयोजित करते हुए समस्त उप जिलाधिकारियों, नगर निगम देहरादून व ऋषिकेश, नगर पालिका परिषदों, नगर पंचायत सहित संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित कर लिया जाए कि शीतलहर में कोई भी व्यक्ति रात्रि में खुले में न रहे। जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारियों, नगर निगम एंव नगर पालिका परिषदों के अधिकारियों से उनके क्षेत्र में संचालित स्थायी व चिन्हित अस्थायी रेनबसेरों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही रेनबसेरों में कितने व्यक्ति ठहरे, कंबल, कपड़े व अन्य सामग्री वितरण की प्रतिदिन की सूचना जिला आपदा परिचालन केन्द्र में प्रेषित करने के निर्देश दिए। उप जिलाधिकारियों को नगर निगम, नगर निकाय, नगर पंचायत को उनके क्षेत्र में संचालित रेनबसेरों में निरीक्षण करते हुए मूलभूत सुविधाएं यथा पेयजल, शौचालय, विद्युत आदि व्यवस्थाएं दुरूस्त करने तथा अस्थायी आश्रयगृह चिन्हित करने के निर्देश दिए।

पुलिस ने किया चोरी का खुलासा

ऋषिकेश। चंद्रभागा पुल के नजदीक एक दुकान और आरामशीन से चोरी का पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस ने मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। निशानदेही पर इनवर्टर और आरा मशीन के लोहे के पार्ट बरामद किए हैं। कोतवाली पुलिस के मुताबिक एक दिसंबर को अमरजीत धीमान की दुकान और आरा मशीन से चांदी के सिक्के, नगदी, लोहे पार्ट और इनवर्टर चोरी कर लिया था। पीड़ित ने इसकी शिकायत तीन दिसंबर को दी थी। इसके बाद पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पहचान के प्रयास तेज किए।

बुधवार को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी को चंद्रभागा नदी के किनारे से गिरफ्तार कर लिया।

ग्रामीणों ने किया जलसंस्थान अधिकारियों का घेराव

ऋषिकेश। प्रतीतनगरवासियों ने जल संस्थान के खिलाफ हल्ला बोला है। लोगों ने पेयजल का बिल ज्यादा आने पर आक्रोश जताते हुए जलसंस्थान अधिकारियों का घेराव किया। प्रदर्शनकारियों ने पेयजल बिल की खामियों को दूर कर इसे कम करने की मांग उठाई। बुधवार को प्रतीतनगर के ग्रामीण क्षेत्र में स्थित जल संस्थान कार्यालय पहुंचे। वहां उन्होंने अधिकारियों का घेराव किया।

व्यापार सभा अध्यक्ष विवेक रावत ने कहा कि जगह–जगह से पेयजल लाइन लीक हो रही है। कई बार शिकायत करने पर भी ठीक नहीं हो रही है। इससे गंदा पानी लोगों के घरों तक पहुंच रहा है। विभागीय अधिकारी क्षेत्रवासियों की समस्या सुनने की बजाय अत्याधिक दर पर पेयजल बिल भेज रहे हैं। कहा कि क्षेत्र में सभी के पेयजल बिल अत्याधिक आए हुए हैं। उन्होंने घरेलू और कॉमर्शियल बिलों के रेट कम करने और एक सप्ताह के भीतर बिलों को कम कर दोबारा भेजने की मांग की। जल संस्थान के एसडीओ कमलेश पंत ने कहा कि पेयजल के रेट कम करने सम्बन्धी पत्र को उच्चाधिकारियों को भेजा जाएगा। रेट कम करने का फैसला शासन स्तर पर ही हो सकता है। लीकेज को भी जल्द ठीक किया जाएगा। मौके पर सतीश रावत, राजेश जुगलान, शूरवीर पंवार, हर्षमणि लसियाल, कुंवर सिंह नेगी, मोहन कंडवाल, सुरेन्द्र बुटोला आदि उपस्थित रहे।

बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत हुई ब्लॉक टॉस्क फोर्स की बैठक

विकासनगर। तहसील सभागार में बुधवार को बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत ब्लॉक टॉस्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। एसडीएम की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में दिसंबर माह में आयोजित होने वाली गतिविधियों की रूप रेखा तैयार की गई। एसडीएम सौरभ असवाल ने कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए शुरू किया गया है। अभियान को सिर्फ स्लोगन और बैठकों तक ही सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि धरातल पर इसके सकारात्मक परिणाम दिखने जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि बालिका शिक्षा का मतलब सिर्फ शिक्षित होना ही नहीं है, बेटियों की शिक्षा का स्तर ऐसा होना चाहिए जिससे वे अपने कानूनों और अधिकारों के प्रति जागरूक हो सके। कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में अभी भी बालिकाओं को उतनी ही शिक्षा दी जाती है, जितनी घर के नजदीक मिल जाए। घर से बाहर बेटियों को शिक्षा के लिए अभी भी बेटों की अपेक्षा कम भेजा जाता है। कहा कि लोगों की इस मानसिकता को बदलना जरूरी है। उच्च शिक्षित बेटियां समाज के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देती है। सीडीपीओ अंजू बडोला ने बैठक में दिसंबर माह में की जाने वाली गतिविधियों की जानकारी दी। बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में अभियान के लिए महिला जन प्रतिनिधियों को ब्रांड अंबेसडर बनाया गया है। इस दौरान प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. राजीव दीक्षित, बीडीओ उमा बिष्ट, हरीश पैन्यूली, बिंदु मौर्या, शारदा थापा, फूल देवी, अल्पना, बीना चौहान आदि मौजूद रहे।

मशीनें नहीं लौटाने पर ठेकेदार पर मुकदमा दर्ज

विकासनगर। कालसी थाना क्षेत्र के अंतर्गत हरिपुर कालसी स्थित एक फर्म के मालिक ने कहा कि उसकी पुरानी कालसी में एक फर्म थी। फर्म चल नहीं पाई। जिसके चलते वर्ष 2020 में फर्म को बंद करना पड़ा। बताया कि तब उसने फर्म के निर्माण कार्य में लगे ठेकेदार को फर्म की मशीनें सेलाकुई भेजने को कहकर मशीनें उसे सौंप दी। लेकिन ठेकेदार ने मशीनें उसके पास वापस नहीं पहुंचाई।

बल्कि मशीनों को कहीं अन्यत्र बेच दिया। जिस पर पुलिस ने आरोपी ठेकेदार के खिलाफ अमानत में खयानत का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नवनीत त्यागी पुत्र मदनपाल निवासी निगम रोड सेलाकुई ने कालसी थाना पुलिस को तहरीर दी।

कोर्ट के फैसले से उद्योगों को मिली राहत

विकासनगर। उद्योगों पर आया बंद होने का बड़ा संकट टल गया है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा हाल ही में उद्योगों की एनओसी रद करने के आदेश और उद्योगों को बंद करने के नोटिस पर हाईकोर्ट नैनीताल ने रोक लगा दी है। जिससे उद्योगों को भारी राहत मिली है।

कोर्ट के आदेश से उद्योगों से जुडे प्रबंधन, अधिकारियों, कर्मचारियों और श्रमिकों में खुशी का माहौल है। कोर्ट के निर्णय का स्वागत करते हुए उद्यमियों ने कहा कि अब उद्योगों पर लटकी बंदी की तलवार का हट गई है। उद्योग अब जल्द अपना ईपीआर एक्स प्लान तैयार कर रजिस्ट्रेशन करवा सकेंगे। हाल में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने औद्योगिक क्षेत्र सेलाकुई, लांघा से लेकर कालसी तक सभी छोटे बड़े उद्योगों की एनओसी को निरस्त कर उद्योगों में तत्काल उत्पादन बंद करने का निर्देश जारी किया था। जिससे क्षेत्र में 55 फार्मा उद्योगों से लेकर करीब ढाई सौ से अधिक अन्य उद्योगों पर बंद होने का संकट खड़ा हो गया था। लेकिन हाईकोर्ट ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के एनओसी निरस्त करने के फैसले और उद्योगों को उत्पादन बंद करने के नोटिस पर स्टे कर दिया है। जिसके बाद उद्योगों को भारी राहत मिली है।

उद्योगपतियों, प्रबंधन वर्ग, अधिकारी, कर्मचारियों से लेकर श्रमिकों में कोर्ट के फैसले से खुशी की लहर फैल गई है। उत्तराखंड इंडस्ट्रियल वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष सुनील उनियाल, इंडियन इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के उपाध्यक्ष लतीफ चौधरी, राकेश भाटिया, पूर्व अध्यक्ष इंडस्ट्रियल एसोसिएशन जितेंद्र कुमार, पवन अग्रवाल आदि ने हर्ष व्यक्त किया। कहा कि कोर्ट के फैसले से उद्योगों को बड़ी राहत मिली है। कहा कि कोर्ट ने उद्योगों की बात को गंभीरता से सुना है। सभी उद्योगों को प्लॉस्टिक वेस्ट रूल 2016 के नियमों का पालन करने का मौका मिल गया है। अब सभी उद्योग कोर्ट से समय मिलने के बाद अपने अपने रजिस्ट्रेशन की कार्रवाई पूरी कर सकेंगे। कहा कि कोर्ट के फैसले हजारों युवाओं, प्रबंधन वर्ग, अधिकारी, कर्मचारी, श्रमिकों व उद्योगों से जुड़े लोगों का रोजगार बच गया है।

धन्याड़ी पुल के धंसने पर कांग्रेस का प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन

ऋषिकेश। धन्याड़ी पुल के धंसने से भड़के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बुधवार को भाजपा सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने प्रदेश सरकार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए मामले की जांच की मांग की। बुधवार को कांग्रेस कार्यकर्ता थानो–रायपुर मार्ग पर बने धन्याडी पुल पर एकत्रित हुए। उन्होंने पुतला फूंककर प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अश्वनी बहुगुणा ने कहा कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार चर्म पर है। रायपुर रोड पर जितने पुल बने हैं, सभी में दरारें आ रही हैं। यह पुल जगह जगह से धंस रहे हैं। भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारियों को क्लीन चिट दी जा रही है। कहा कि बीते मंगलवार की रात धन्याडी पुल का कुछ हिस्सा धंस गया। इस कारण भारी वाहनों की आवाजाही पुल पर बंद कर दी गई है। इससे पहले भी रायपुर रोड पर बने पुल धंसने की वजह से सुर्खियों में रहे हैं। कहा कि सरकार को इस प्रकार के भ्रष्टाचार की जांच कर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। प्रदर्शन में कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष गौरव सिंह, महेंद्र भट्ट, करतार नेगी, सागर मनवाल, नितिन रावत, नरेंद्र सोलंकी, पदम सिंह, करन सिंह, विमला देवी, राहुल मनवाल आदि मौजूद रहे।

सबका साथ सबका विकास ही लक्ष्यः अग्रवाल

ऋषिकेश। कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि जनता ने उन पर विश्वास जताकर उन्हें मंत्री पद तक पहुंचाया है। वे जनता की उम्मीदों पर खरा उतर रहे हैं। जनता की समस्याओं का निदान करवाना उनकी प्राथमिकता है। बुधवार को रायवाला के इंदिरा राष्ट्रीय बाल विकास जूनियर हाई स्कूल में कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में पहुंचे मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि अंतिम छोर तक बैठे हर व्यक्ति की समस्या का निदान करना उनका कर्तव्य है।

यूकेलिप्टिस की लकड़ी ले जा रहे वाहन को पकड़ा

ऋषिकेश। कृषि मंडी समिति ऋषिकेश के सचल दल ने यूकेलिप्टिस की लकड़ी ले जा रहे वाहन को पकड़ा। इसमें आरोपी से मंडी शुल्क, विकास सेस व शमन शुल्क के तौर पर कुल 27 हजार 625 रुपये वसूले गए। बुधवार को मंडी समिति सचिव विजय प्रसाद थपलियाल ने बताया कि रायवाला स्थित वन विकास निगम के डिपो से एक लकड़ी से भरा ट्रक तेज गति से हरिद्वार की ओर जा रहा था। इसको रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन वह नहीं रुका। काफी प्रयास के बाद गार्ड ने किसी प्रकार से इस ट्रक यूपी 38 टी 4821 को रुकवाया। यह ट्रक यूकेलिप्टिस की लकड़ी से भरा हुआ था। ट्रक चालक से इससे संबंधित दस्तावेज मांगे गए। लेकिन ड्राइवर पर लकड़ी से जुड़ा कोई दस्तावेज नहीं था। इसके बाद उससे मंडी शुल्क 4500 रुपये, विकास सेस 1125 रुपये और शमन शुल्क 22000 रुपये यानी कुल 27625 रुपए वसूल किये गये।

भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने कोटद्वार से रवाना हुए कार्यकर्ता

कोटद्वारः उत्तराखण्ड के जिला पौड़ी गढ़वाल के कोटद्वार विधान सभा क्षेत्र से कांग्रेसजनों का एक जत्था भारत जोड़ो यात्रा में जुड़ने व पार्टी नेता राहुल गांधी के हाथों को मजबूत करने के लिए रणथंबोर राजस्थान के लिए रवाना हुआ।

सेवा दल के नगर अध्यक्ष राकेश शर्मा के नेतृत्व में जनक

राजस्थान में कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होगा जत्था

भाटिया, सुनील सेमवाल, जितेंद्र भाटिया और रूपेंद्र सिंह नेगी सहित अन्य कार्यकर्ताओं के कांग्रेस यात्री दल को पूर्व मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी ने झण्डी दिखाकर कर राजस्थान के लिए रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस जनों ने पार्टी की भारत जोड़ो यात्रा को सफल बनाने का निर्णय लिया है। पूरे देश की जनता वर्तमान शासन से परेशान हो चुकी है और सत्ता परिवर्तन के पक्ष में है। पार्टी नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में जुड़ रहे लोग इस बात का प्रमाण हैं। मौके पर उन्होने यात्री दल को शुभकामानांए दी।

पुलिस बनी देवदूत, बचाई युवक की जान

◆दुगड्डा-गुमखाल के मध्य भदालीखाल के समीप हुआ हादसा
◆रात के समय खाई में गिर गया था बाइक चालक युवक

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः रात के समय बाइक सड़क पर पलटने से खाई में गिरे एक युवक के लिए पुलिस क्षेत्राधिकारी (यातायात) विभव सैनी देवदूत बनकर आए। दरअसल, पौड़ी से कोटद्वार आने के दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी को सड़क किनारे इंजर चालू अवस्था में एक बाइक दिखाई दी। बाइक के समीप चप्पल भी पड़ी हुई थी। अहोनी का अंदेशा होने पर सीओर ने तुरंत मौके पर पुलिस टीम बुलाई। जिसके बाद पता चला कि खाई में एक युवक गिरा हुआ है। वहीं, घटनास्थल के समीप पुलिस को गुलदार भी घूमता हुआ दिखाई दिया।

घटना रात करीब साढ़े दस बजे की है। दुगड्डा के अंतर्गत ग्राम भेल्डा निवासी नवीन (32) पुत्र युद्धवीर बीती रात कोटद्वार से अपने घर की ओर जा रहा था। इसी दौरान दुगड्डा-गुमखाल के मध्य भदालीखाल के समीप उसकी बाइक सड़क में फिसल गई और वह खाई में जा गिरा। इसी दौरान पौड़ी से कोटद्वार की ओर आ रहे पुलिस क्षेत्राधिकारी (यातायात) विभव सैनी की नजर सड़क किनारे पड़ी बाइक पर पड़ी। बाइक का इंजन चालू अवस्था में था। अनहोनी की आशंका के चलते सीओ ने तत्काल दुगड्डा पुलिस चौकी, एसडीआरएफ व वन विभाग को घटना की सूचना देते हुए मौके पर बुला दिया। दुगड्डा पुलिस चौकी के

घायल युवक को बेस अस्पताल पहुंचाती पुलिस।

कर्मियों ने रस्सी के सहारे खड्ड में उतर खोज शुरू की। लेकिन, तभी मौके पर गुलदार आ गया और टीम वापस सड़क में लौट आई। करीब बीस मिनट बाद एसडीआरएफ व वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। जिसके बाद वन विभाग की टीम ने हवाई फायरिंग कर गुलदार को मौके से भगाया। टीम एसडीआरएफ के साथ खाई में भी उतरी और सड़क से करीब नौ सौ मीटर नीचे खाई में गिरे नवीन को उठाकर सड़क में ले आई। पुलिस ने घायल को 108 की मदद से राजकीय बेस चिकित्सालय कोटद्वार पहुंचाया।

संगठन ने निधन पर जताया शोक

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः शैलशिल्पी विकास संगठन के वरिष्ठ सलाहकार पदमपुर सुखरो निवासी आनंदमणि के आकस्मिक निधन पर संगठन के पदाधिकारियों व सदस्यों ने शोक व्यक्त किया है।

उन्होंने 80 वर्ष की उम्र में अंतिम साँस ली। उनका देहरादून स्थित एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था।संगठन अध्यक्ष विकास कुमार आर्य ने कहा कि उन्होंने उत्तर-प्रदेश पुलिस में एक उत्कृष्ट कार्मिक के रूप में अपनी सेवाएं दी। सेवानिवृत्ति के बाद वे सामाजिक गतिविधियों में भी सक्रिय रूप से अपना योगदान देते रहे और बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के मूल सिद्धांतों पर चलते रहे। मौके पर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। शोक व्यक्त करने वालों में महासचिव सतीश प्रकाश ,उपाध्यक्ष विनीता भारती, अनिल कुमार, ललिता प्रसाद, दीपचंद और रविन्द्र कुमार सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

स्नेहा, आद्या व वीरांश ने बनाया सबसे स्वादिष्ट पकवान

विद्यालय में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेते नन्हें।

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः बलभद्रपुर स्थित डी ए वी पब्लिक स्कूल में बुधवार को नन्हें मुन्ने बच्चों के लिए कुकिंग विदाउट फायर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान स्नेहा, आद्या व वीरांश ने सबसे स्वादिष्ट पकवान बनानक प्रथम स्थान प्राप्त किया।

प्रतियोगिता में नर्सरी, एल के जी व यू के जी के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न पकवान बनाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। नन्हें मुन्नों ने भेलपूरी,मोनाको सैंडविच, फ्रूट सलाद और ग्रीन सैंडविच आदि बनाकर सभी का मन जीत लिया। प्रतियोगिता में नर्सरी कक्षा से स्नेहा सकलानी ने पहला, परनील रावत ने दूसरा और सक्षम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। एल के जी से आद्या प्रथम, श्रेयन द्वितीय व देवांशी तृतीय स्थान पर रहे। यू के जी से वीरांश पहले, दिव्यांशी दूसरे और जान्हवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य अनीता मेहरा ने नन्हें छात्रों के इस प्रयास की प्रशंसा करते हुए उनका उत्साहवर्द्धन किया।

सक्षम ने दिव्यांगों को बांटे कंबल

जयन्त प्रतिनिधि।

दिव्यांग जनों को कंबल वितरित करते सक्षम के सदस्य ।

कोटद्वारः विकलांगों के विकास के लिए समर्पित संगठन सक्षम की ओर से सिमलचौड़ स्थित व्यवसाय इनक्यूबेटर केंद्र में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस दौरान सक्षम की कोटद्वार इकाई की ओर से 25 दिव्यांगों को कंबल वितरित किए गए। सदस्यों ने अन्य सामाजिक संस्थाओं से भी दिव्यांगों की मदद के लिए आगे आने की अपील की।

मुख्य अतिथि बी एस एफ के डिप्टी कमांडेंट हरेंद्र सिंह रावत ने संगठन के इस कार्य की प्रशंसा की। अध्यक्ष योगंबर सिंह रावत ने कहा कि संस्था भविष्य में भी ऐसे कार्य जारी रखेगी। कहा कि दिव्यांगो को जीवन की मुख्य धारा में लाने के लिए संस्था लगातार प्रयासरत है। इस दौरान संस्था संरक्षक गिरिराज सिंह रावत, कपिल रतूड़ी, विपुल उनियाल और सुदीप बौंठियाल सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

अधिवेशन के लिए अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : राजकीय शिक्षक संघ के मंडलीय अधिवेशन के लिए निर्वाचन अधिकारियों और पर्यवेक्षक की तैनाती आदेश किए गए हैं। संघ का दो दिवसीय मंडलीय अधिवेशन 19 दिसंबर से पूर्णानंद इंटर कॉलेज मुनिकीरेती ऋषिकेश में होना है। अपर निदेशक माध्यमिक शिक्षा गढ़वाल मंडल एमएस बिष्ट ने अधिवेशन को लेकर डीईओ माध्यमिक देहरादून सुदर्शन सिंह बिष्ट को निर्वाचन अधिकारी, बीईओ नरेंद्र नगर ओम प्रकाश वर्मा को सह निर्वाचन अधिकारी सहित डीईओ माध्यमिक हरिद्वार नरेश कुमार को पर्यवेक्षक नियुक्त किया है।

एडी ने कहा कि अविधवेशन पर होने वाला सारा व्यय संघ की मंडल शाखा स्तर से ही वहन किया जाएगा।

डा.सविता मोहन को मिला सम्मान

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः डू समथिंग सोसाइटी व साहित्यिक संस्था साहित्याचंल की ओर से उत्तराखंड अकादमी की पूर्व सचिव डा. सविता मोहन को गोदावरी देवी प्रसाद कोठारी स्मृति सम्मान से सम्मानित किया गया। इस दौरान सदस्यों ने प्रथम डीलिट डा.पीतांबर दत्त बड़थ्वाल को भी याद किया।

देवी रोड़ स्थित एक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व काबीना मंत्री सुरेन्द्र सिंह नेगी, अति विशिष्ट अतिथि नगर निगम महापौर हेमलता नेगी, विशिष्ट अतिथि ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अयाजुद्दीन, संस्था संरक्षक प्रकाश कोठारी व हरि सिंह भण्डारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान डा. सविता मोहन को उनके द्वारा किये गये कार्यो के लिए गोदावरी देवी प्रसाद कोठारी स्मृति सम्मान 2022 से नवाजा गया। डॉ.

डा.सविता मोहन को सम्मानित करते सदस्य

सविता मोहन ने उत्तराखण्ड उच्च शिक्षा निदेशक, निदेशक उत्तर-खण्ड भाषा संस्थान, डॉ पीताम्बर दत्त बड़थ्वाल हिंदी अकादमी उत्तराखण्ड एवं उत्तर-खण्ड संस्कृत अकादमी के सचिव के रूप में अपनी सेवाएं प्रदान की हैं। सोसाइटी की ओर से उनको माल्यार्पण, अंग वस्त्र, श्रीफल, स्मृति चिन्ह, सम्मान पत्र, सम्मान राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विपिन जदली, नरेन्द्र रौथाण, सिन्धु कोठारी, चक्रधर शर्मा, डा. नंद किशोर ढौंडियाल, डा. ख्यात सिंह चौहान, शूरवीर खेतवाल, विजय लखेड़ा, अशोक गिरि, गणेश त्रिपाठी, बलबीर सिंह रावत, सत्यप्रकाश थपलियाल, डॉ. नागेन्द्र ध्यानी, योगेश पांथरी और रिपुदमन बिष्ट आदि थे।

सड़क दुर्घटना रोकथाम और त्वरित एक्शन को गठित होगी क्यूआरटी

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने अगामी 3-4 माह के लिए बर्फवारी वाले क्षेत्रों और पाला ग्रस्त क्षेत्रों पर सड़क दुर्घटना रोकथाम और त्वरित एक्शन हेतु संबंधित विभागों को क्यूआरटी (त्वरित एक्शन टीम) का गठन करने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण धुमाकोट को निर्देशित किया कि जिन-जिन स्थानों पर निम्न गुणवत्ता के डिवाइडर लगे हैं उनकी गुणवत्ता में तत्काल सुधार करते हुए कार्यवाही से अवगत करायें। इसी तरह जहां सड़क मार्गों में सांकेतिक मानक अनुरूप और

डीएम डॉ. आशीष चौहान कलेक्ट्रर सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक लेते हुए।

ठीक पोजिशन तथा डिजाइन में नहीं हैं, उनको भी तत्काल ठीक करें। जिलाधिकारी ने संबंधित उपजिलाधिकारियों, पुलिस विभाग, परिवहन विभाग, लोक निर्माण विभाग और संबंधित राजमार्ग प्राधिकरण को निर्देशित किया कि विगत 2-3 माह में जितनी भी सड़क दुर्घटनाएं हुई है उनका वास्तविक कारण जानकर भविष्य में पुनः उन कारणों से दुर्घटनाएं ना हो, उस अनुरूप सुधारीकरण के कार्य करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने पुलिस और परिवहन विभाग को तेज रफ्तार, लापरवाही से वाहन चलाने और शराब अथवा नशा लेकर वाहन चलाने वालों पर सख्त एन्फोर्समेंट की कार्यवाही करने को कहा। जिलाधिकारी ने पाला प्रभावित क्षेत्रों में लगातार चूना छिड़काव करवाने, पाला प्रभावित क्षेत्र में सावधानी से वाहन चलाने का संदेश-संकेतक चस्पा करने के निर्देश दिये। उन्होंने आपदा प्रबंधन अधिकारी को आपदा प्रबंधन के सभी उपकरणों का बारीकी से अवलोकन करने एवं जो खराब हो चुके हैं, उनको तत्काल बदलने और अन्य क्रय आवश्यकता का प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिये। बैठक में उपजिलाधिकारी सदर आकाश जोशी, क्षेत्राधिकारी पुलिस वैभव सैनी, परिवहन विभाग से जयंत वशिष्ठ सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

नगर निगम ने 20 व्यापारियों पर लगाया जुर्माना

श्रीनगर गढ़वाल : नगर निगम व प्रशासन की टीम ने गत मंगलवार देर सायं नगर क्षेत्र के पीपलचौरी से लेकर वीरचंद्र सिंह गढ़वाली मार्ग, गोला बाजार आदि स्थानों पर पॉलीथिन उन्मूलन अभियान चलाया। नायब तहसीलदार बासूलाल के नेतृत्व में चलाए गए अभियान में 20 व्यापारियों के चालान काटे गए। जिससे दो हजार जुर्माने के साथ 22 किग्रा. पॉलीथिन भी जब्त की गई।

नगर निगम के स्वास्थ्य निरीक्षक शशि पंवार ने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। दूसरी ओर व्यापार सभा श्रीनगर ने इस अभियान के प्रति नाराजगी जताई। व्यापार सभा अध्यक्ष दिनेश असवाल ने कहा कि प्रशासन द्वारा व्यापारियों को विगत 1 सप्ताह पूर्व स्टॉक है उसे समाप्त करने को लेकर आश्वस्त किया गया था। बावजूद चालन की प्रक्रिया अपनाई जा रही है। कहा इस संदर्भ में श्रीनगर विधायक एवं मंत्री डा. धन सिंह रावत को ज्ञापन दिया गया। जिसमें उन्होंने कहा कि प्रशासन की इस कार्यवाही से व्यापारी काफी आक्रोशित हैं। असवाल ने बताया कि मंत्री ने इस मामले में आश्वस्त किया है। (एजेंसी)

डीएम ने अधिकारियों को लगाई फटकार, कार्रवाई की दी चेतावनी

पौड़ी : जिला योजना, राज्य योजना और बीस सूत्री विकास कार्यों की समीक्षा बैठक विभिन्न विभागीय अधिकारियों के साथ आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने ऐसे सभी विभाग जिनकी वित्तीय प्रगति 20 प्रतिशत से निम्न है उनका स्पष्टीकरण लेने के निर्देश देते हुए कहा कि अगली बैठक से पूर्व यदि अपेक्षित प्रगति नहीं कर पाते तो उनका वेतन आहरित न नहीं किया जाएगा। जिलाधिकारी ने पर्यटन, सामुदायिक विकास, प्राथमिक शिक्षा, कृषि विभाग, लघु सिंचाई और पूल्ड हाउस के निम्न खर्च करने की प्रगति पर फटकार लगाई। उन्होंने सख्त चेतावनी दी कि यदि 15 दिनों में प्रगति संतोषजनक नहीं पायी गयी तो कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने सभी विभागों को निर्देशित किया कि यदि विकास कार्यों में कोई रिक्त आती है तो उसको समय रहते प्रकाश में लायें लेकिन किसी भी तरह से गुणवत्ता और प्रगति से समझौता नहीं किया जायेगा। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि जो विभाग अभी तक सी और डी श्रेणी में है वे तत्काल प्रगति में सुधार करके ए अथवा कम से

समीक्षा बैठक में डीएम डॉ. आशीष चौहान निर्देश देते हुए।

कम बी श्रेणी में आना सुनिश्चित करें। उन्होंने मुख्यमंत्री घोषणाओं के कार्यों की तीव्र प्रगति करने अथवा मुख्यमंत्री पोर्टल की शिकायतों को भी तेजी से निस्तारित करने, विधायक निधि के कार्यों की प्रगति में भी सुधार लाने के निर्देश दिये। बैठक में जिला विकास अधिकारी पुष्पेंद्र चौहान, मुख्य कोषाधिकारी गिरीश चन्द्र, मुख्य कृषि अधिकारी अमरेन्द्र चौधरी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी राम सलोने सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

वायरल वीडियो की डीएम ने एसडीएम और सीएमओ को सौंपी जांच

पौड़ी : पाबौ स्वास्थ्य केंद्र पर प्लास्टर को लेकर लापरवाही के मामले में वायरल हुए वीडियो पर जिलाधिकारी पौड़ी ने जांच के आदेश दिए है। जिलाधिकारी ने एसडीएम और सीएमओ की संयुक्त टीम को इस संबंध में जांच कर रिपोर्ट देने को कहा है।

सोशल मीडिया में वायरल हो रहे इस मामले में देखा जा रहा है कि एक महिला ने हाथ पर एक गत्ता लगाया हुआ है। पाबौ स्वास्थ्य केंद्र पीपीपी मोड के तहत संचालित हो रहा है। स्वास्थ्य मंत्री के विधानसभा क्षेत्र होने के नाते यह मामला सोशल मीडिया पर भी तूल पकड़ रहा है। पौड़ी के जिलाधिकारी डा. आशीष चौहान ने बताया कि यह मामला संज्ञान में आते ही इसकी जांच एसडीएम और सीएमओ की संयुक्त टीम से कराने के आदेश दे दिए गए है। जांच रिपोर्ट के बाद ही पूरी स्थिति साफ हो सकेगी। इधर, महंद्र इंद्रेश के पीआरओ पौड़ी प्रमोद चौहान ने पूछे जाने पर बताया कि पाबौ में हड्डी रोग विशेषज्ञ नहीं है। लिहाजा महिला को पौड़ी के लिए रेफर किया गया था। लेकिन महिला के साथ आए तीमरदारों ने कहा कि वह देहरादून में अपना इलाज करवाएंगे। क्योंकि देहरादून की दूरी अधिक है लिहाजा स्थानीय पर स्वास्थ्य केंद्र पर हाथ पर सुरक्षा के लिए स्पोर्टिंग पट्टी बांध दी गई थी। सोशल मीडिया पर इसे गलत तरीके से उठाया गया है।

4.25 ग्राम स्मैक के साथ एक गिरफ्तार

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : जनपद पौड़ी गढ़वाल में अवैध नशे का कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। हालांकि जिला पुलिस अवैध नशे के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। श्रीनगर पुलिस ने 4.25 ग्राम अवैध स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा वर्ष 2025 तक उत्तराखण्ड को नशामुक्त (ड्रग्स फ्री देवभूमि) बनाये जाने हेतु अभियान चलाया जा रहा है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद पौड़ी गढ़वाल श्रीमती श्वेता चौबे के निर्देशन में बढ़ते नशे की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने के लिए पौड़ी पुलिस द्वारा नशा तस्करों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है।

श्रीनगर पुलिस ने चैकिंग अभियान के दौरान अभियुक्त सौरभ सेमवाल पुत्र स्व0 सुरेन्द्र सिंह निवासी मणी कॉलोनी चौरास को न्यू बस अड्डा श्रीनगर के पास से 4.25 ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। एसएसपी श्वेता चौबे ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि जनता के सहयोग से ही जिले को नशा

पुलिस की गिरफ्त में अवैध स्मैक के साथ पकड़ा अभियुक्त।

मुक्त बनाया जा सकता है। यदि किसी व्यक्ति को नशे के सम्बन्ध में कोई सूचना प्राप्त होती है कि कोई व्यक्ति नशे के कार्यों में संलिप्त रहता है या कोई किसी सार्वजनिक स्थानों पर नशा कर रहा है तो उसकी सूचना तत्काल नजदीकी थाने, आपातकालीन डायल नंबर 112 में देकर एक नशामुक्त समाज बनाने में पुलिस का सहयोग करें। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक वेदप्रकाश, कांस्टेबल सुंदर सिंह, कमल रावत शामिल थे।

कीर्तिनगर में शहीदी मेला 14 जनवरी से, तैयारियां शुरू

श्रीनगर गढ़वाल : नगर पंचायत सभागार में कीर्तिनगर में होने वाले शहीदी मेले की तैयारियों को लेकर अधिकारियों की बैठक आहुत की गई। बैठक में देवप्रयाग विधायक विनोद कंडारी ने कहा है कि तालमेल से पूर्व वर्षों के भाँति इस वर्ष भी अमर शहीद नागेंद्र सकलानी एवं मोलू भरदारी स्मृति विकास मेले को भव्यता से आयोजित किया जाएगा। इस दौरान मेले की तैयारियों के लिए अधिकारियों को उन्होंने जरूरी दिशा निर्देश दिए।बैठक में उप जिलाधिकारी सोनिया पंत ने कहा है कि सभी विभागों के मेले में स्टॉल लगाए जाने अनिवार्य हैं, ताकि मेले के दौरान आमजन को विभागों की जानकारी मिले। नगर पंचायत अध्यक्ष कैलाशी जाखी ने बताया कि 11 जनवरी से 14 जनवरी तक अमर शहीद नागेंद्र सकलानी एवं मोलू भरदारी सांस्कृतिक विकास मेला आयोजित होगा। कहा कि नगर की साज सज्जा एवं स्वच्छ रखने के लिए प्राथमिकता के आधार पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। बैठक में तहसीलदार सुनील राज, लोनिवि के अधिशासी अभियंता डीके आर्य, खंड शिक्षा अधिकारी वाईएस नेगी, भाजपा मंडल अध्यक्ष नरेंद्र भण्डारी, नरेंद्र कुंवर, सभासद दीपा देवी, जगतम्बा कुमाई, मुकेश लखेड़ा, अधिशासी अधिकारी रोशन सिंह पुंडीर आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

खस्ताहाल हुई सड़क, यात्री परेशान

अल्मोड़ा : धौलादेवी ब्लॉक की काफलीखान-भनोली-सिमलखेत सड़क खस्ताहाल हो चुकी है। बीते बरसात के मौसम में सड़क कई जगह क्षतिग्रस्त हो गई थी। सड़क की सुरक्षा दीवार गिर चुकी है।

जिससे लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। भनोली चगेठी निवासी सुरेंद्र चौहान ने बताया काफलीखान-भनोली-सिमलखेत सड़क आपदा के दौरान कई जगहों पर क्षतिग्रस्त हो गई थी। सड़क की सुरक्षा दीवार भी गिर चुकी है। कई बार मांग के बाद भी सड़क सुधारीकरण का काम नहीं हो रहा है।

इससे हादसों का खतरा बना है। साथ ही यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। चगेठी ग्राम पंचायत निवासी कृष्णा बिष्ट ने बताया कि ये सड़क भनोली के पास क्षतिग्रस्त है, जिससे अस्पताल पहुंचने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इधर, अवर अभियंता आलोक कुमार ओली ने बताया इस सड़क की क्षतिग्रस्त दीवारों को ठीक करने के लिए 42 लाख का आंगणन तैयार कर शासन को भेजा है। धनराशि स्वीकृत होते ही काम शुरू कर दिया जाएगा। (एजेंसी)

उपजिला चिकित्सालय लोहाघाट को मिली माइक्रोस्कोप मशीन

चम्पावत। उपजिला चिकित्सालय लोहाघाट में वर्षों बाद नियमित रूप से आंखों के ऑपरेशन की सुविधा मिल सकेगी। अस्पताल को 24 लाख रुपये की लागत का माइक्रोस्कोप मिला है। पीपीपी व्यवस्था से पहले नियमित रूप से आंखों के शिविर अस्पताल में लगते थे। इसके अलावा जटिल ऑपरेशन भी यहां हुआ करते थे। अस्पताल में करीब एक साल पहले आई सर्जन डॉ. विराज राठी की तैनाती हो गई थी। लेकिन जरूरी उपकरण न होने के कारण मरीजों को ऑपरेशन की सुविधा नहीं मिल पाई। लोगों की मांग के बाद अब अस्पताल को माइक्रोस्कोप मिला है। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. जुनैद कमर ने बताया कि आंखों के ऑपरेशन के लिए माइक्रोस्कोप मशीन आने के बाद कक्ष में अब इनवर्टर और अन्य उपकरणों की आवश्यकता है।

पुलिस ने चोर को किया गिरफ्तार

रुद्रपुर : शक्तिफार्म पुलिस चौकी से करीब 50 मीटर की दूरी पर चोरों ने ताला तोड़ दुकान से चोरी करने का प्रयास किया गया। हालांकि पुलिस एवं लोगों ने मौके पर से ही चोर को पकड़ लिया। मंगलवार देर रात्रि श्री राम मोबाइल एवं नरेश मेडिकल स्टोर का ताला तोड़कर चोरी करने का प्रयास कर रहा था। ताला तोड़ने की आवाज जैसे ही पड़ोसियों को हुई तो उन्होंने तत्काल दुकान स्वामी को इसकी सूचना दी। दुकान स्वामी निकट स्थित पुलिस चौकी पहुंचकर पुलिस को जानकारी दी। पुलिस एवं लोगों ने घेराबंदी कर चोर को मौके से पकड़ लिया। बुधवार को व्यापार मंडल अध्यक्ष रविंद्र अग्रवाल के नेतृत्व में व्यापारियों ने पुलिस चौकी पहुंचकर प्रभारी निरीक्षक भूपेंद्र सिंह बृजवाल से मुलाकात कर पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की। प्रभारी निरीक्षक भूपेंद्र सिंह बृजवाल ने वैकल्पिक व्यवस्था करते हुए ग्रामीण एवं नगर क्षेत्र में चीता मोबाइल को सक्रिय कर दिया। इस मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष रविंद्र अग्रवाल, शुभम अग्रवाल, करण ढाली, गौरव कालरा, नरेश अरोरा, देवाशीष पोद्दार, राजेश मिस्त्री, आशीष अग्रवाल, विक्रम शील, सुशांत मंडल, पंकज माझी, पंकज राय, के पी मंडल, ओम प्रकाश सक्सेना, ओम प्रकाश कालरा, बलराम पोद्दार मौजूद थे। (एजेंसी)

महिला पहाड़ की अर्थव्यवस्था की रीढ़

अल्मोड़ा : जीबी पंत राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण संस्थान अल्मोड़ा के पर्यावरण आकलन और जलवायु परिवर्तन केंद्र की ओर से 'पर्वतीय महिलाओं को सशक्त बनाना है विषय पर आजादी का अमृत महोत्सव के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के माध्यम से पर्वतीय महिलाओं को सशक्त और जागरूक करने का प्रयास किया गया। वैज्ञानिक डॉ. जेसी कुनियाल ने जलवायु परिवर्तन की समस्याएं और समाधान के बारे में तमाम जानकारियां दीं। साथ ही प्रतिभागियों को जलवायु परिवर्तन के हानिकारक प्रभावों से रूबरू कराया। उन्होंने छात्राओं को महिलाओं की भूमिका के बारे में बताते हुए समझाया कि महिलाओं को पहाड़ की अर्थव्यवस्था की रीढ़ माना जाता है।

अंतरराष्ट्रीय पर्वतीय दिवस को लेकर ये कार्यक्रम जीआईसी कठपुड़िया में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए शोधार्थी निधि कंवर ने सभी का स्वागत किया और अंतरराष्ट्रीय पर्वतीय दिवस का परिचय दिया। डॉ. मिथिलेश सिंह ने जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने में महिलाओं की भूमिका की जानकारी दी। डॉ. सुमित राय ने पहाड़ी कृषि पोषक तत्व प्रबंधन के माध्यम से जलवायु लचीलापन के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में वैज्ञानिकों, शोधार्थियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों सहित 65 लोगों ने प्रतिभाग किया। (एजेंसी)

रेडियोलॉजिस्ट ने इस्तीफे की चेतावनी दी

चम्पावत : लोहघाट उपजिला अस्पताल की रेडियोलॉजिस्ट डॉ. सोनाली मल्होत्रा ने अस्पताल प्रशासन पर अल्ट्रासाउंड कक्ष में सुविधा न देने का आरोप लगाया है। उन्होंने जल्द सुविधाएं न देने पर पद से इस्तीफे की चेतावनी दी है।

रेडियोलॉजिस्ट डॉ. सोनाली ने बताया कि अल्ट्रासाउंड कक्ष में लगी मशीन काफी पुरानी हो चुकी है। साथ ही अल्ट्रासाउंड कक्ष काफी छोटा है सीलन भरा है। जिस कारण उन्हें अल्ट्रासाउंड करने में दिक्कतें आ रही हैं। इसके अलावा लाइट की ठीकठाक व्यवस्था नहीं है। कहा कि फर्श में न कारपेट है और न ही व्यू बॉक्स और पेपर उपलब्ध कराए गए हैं। डॉ. सोनाली ने कहा कि कई बार अस्पताल प्रबंधन से समस्याओं का समाधान करने की मांग की जा चुकी है।

आरक्षण और पेंशन बढ़ाने की मांग की

रुद्रपुर : चिह्नित राज्य आंदोलनकारी समिति ने एसडीएम को ज्ञापन देकर राज्य आंदोलनकारियों की पेंशन बढ़ाने और उनके शिक्षित बच्चों को नौकरियों में आरक्षण देने की मांग की। बुधवार को इंदिरा गांधी खेल मैदान में राज्य आंदोलनकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। चिह्नित राज्य आंदोलनकारी समिति के अध्यक्ष सूरजपाल ने बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में राज्य आंदोलनकारियों के शिक्षित बच्चों को सरकारी नौकरी में दस प्रतिशत आरक्षण और आंदोलनकारियों की पेंशन 4500 रुपये से बढ़ा कर 15000 रुपये करने के प्रस्ताव पारित किए गये। इसके बाद आंदोलनकारियों ने एसडीएम कौस्तुभ मिश्रा को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर दोनों प्रस्तावों को लागू करने की मांग की।

गुलदार की गतिविधि पर नजर रखने को लगाएं ट्रेस कैमरे

बागेश्वर : ठाकुरद्वारा वार्ड में गुलदार की चहलकदमी बढ़ने से वन विभाग हरकत में आया है। वन विभाग ने यहां चार ट्रेस कैमरे लगाए हैं। जिससे गुलदार की प्रत्येक गतिविधि पर नजर रखी जा रही है।

क्षेत्र में गुलदार की दहशत बनी हुई है। वन विभाग निगरानी कर रही है। नीलेश्वर क्षेत्र में बीते दिनों एक महिला पर गुलदार ने झपटने की कोशिश की। इसके अलावा वह पालतू कुत्तों को भी मारने लगा। जिसके बाद ठाकुरद्वारा और नीलेश्वर में दहशत फैल गई। नागरिकों ने वन विभाग से संपर्क किया।

नीलेश्वर में दो और ठाकुरद्वारा में दो ट्रेस कैमरे लगाए गए हैं। गुलदार की प्रत्येक गतिविधि पर वन विभाग नजर रख रहा है। एक दिन पूर्व लगे ट्रेस कैमरे की जद में बुधवार की सुबह तक गुलदार नहीं आ सका है। रेंजर श्याम सिंह करायत ने बताया कि टीम लगातार गश्त कर रही है। ठाकुरद्वारा में कूड़ादान है। जिस पर लोग मांस की हड्डी आदि निस्तारित कर रहे हैं। उसके आसपास गुलदार अधिक दिख रहा है। उन्होंने लोगों से मांस और हड्डी आदि को फेंकने के बजाए मिट्टी में गाड़ने को कहा है। उन्होंने कहा कि गुलदार से सावधानी बरतनी जरूरी है। इधर, ग्रामीण हरीश जोशी ने कहा कि गुलदार के भय से बच्चों ने कोचिंग जाना छोड़ दिया है । (एजेंसी)

संक्षिप्त समाचार

पीड़ित ने एसडीएम से लगाई धनराशि वापस दिलाने की गुहार

रुद्रपुर : हिल व्यू कॉलोनी निवासी भीम सिंह ज्याला ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर उसकी जमीन से खोदी गई मिट्टी की कीमत दिलाने की मांग की। एसडीएम को सौंपे ज्ञापन में ज्याला ने कहा कि उसकी सात बीघा भूमि से मिट्टी उठान का कार्य दो लोगों ने स्वयं अनुमति लेकर करने के लिए दिया था। तय शर्तों के अनुसार दोनों लोगों के द्वारा उसके खेत से मिट्टी खनन चार फुट से अधिक गहरा कर दिया। इसके बाद वायदे के अनुरूप खेत में मिट्टी भरान या रुपए देने से इनकार किया जा रहा है। शर्त के मुताबिक मिट्टी भरान की रकम चार से छह लाख रुपए बन रही है। जिसे नहीं दिया जा रहा है। इसको लेकर वह पूर्व में भी प्रार्थना पत्र दे चुका है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। एसडीएम ने कोतवाली पुलिस को जांच कर उचित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। (एजेंसी)

मारपीट के आरोप में पति गिरफ्तार

पिथौरागढ़ : गंगोलीहाट पुलिस ने अपनी पत्नी साथ मारपीट करने पर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। डम्डे गांव से पुलिस को सूचना मिली कि एक व्यक्ति अपनी पत्नी के साथ मारपीट कर रहा है। उक्त सूचना पर कांस्टेबल दिनेश कुमार मौके पर पहुंचे। उन्हें राजेश कुमार अपनी पत्नी के साथ मारपीट करते हुए मिला। पुलिस ने संबंधित व्यक्ति के खिलाफ धारा 151 के तहत कार्रवाई की है। (एजेंसी)

नवनियुक्त कोतवाल ने कार्यभार ग्रहण किया

रुद्रपुर : प्रभारी निरीक्षक भूपेंद्र सिंह बृजवाल ने सितारगंज कोतवाली प्रभारी का कार्यभार ग्रहण किया। उन्होंने अधीनस्थों के साथ बैठक कर गश्त बढ़ाने, अपराधियों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिये। नगर के विभिन्न संगठनों के लोगों ने नवनियुक्त कोतवाल का स्वागत किया। (एजेंसी)

पुस्तक मेले में सहयोग करने की अपील की

चम्पावत : टनकपुर के जीजीआईसी में लगने वाले पुस्तक मेले को लेकर विचार विमर्श किया गया। एसडीएम हिमांशु कफल्टिया ने पुस्तक मेला आयोजन समिति की बैठक ली। बुधवार को तहसील में आयोजन समिति संग हुई बैठक में पुस्तक मेले के संबंध में होने वाली प्रतियोगिताओं के बारे में राय शुमारी की गई। साथ ही बैठक में सभी लोगों से पुस्तक मेले में सहयोग करने का अनुरोध किया। इस मौके पर मेला समिति के अध्यक्ष रोहिताश अग्रवाल, सचिव नवल किशोर तिवारी, अनिल चौधरी पिंकी, हंसा जोशी, जानकी खर्कवाल, नीरज कुमार, हेम पंत, व्यापार मंडल अध्यक्ष शाहिद हुसैन, पूर्णागिरि मेला समिति के अध्यक्ष किशन तिवारी, भुवन पांडेय, संजय अग्रवाल, प्रतिभा अग्रवाल, डॉ. विनोद जोशी, अर्चना लोहनी, धर्मेन्द्र चंद, लायंस क्लब अध्यक्ष अंकित अग्रवाल, हरेला क्लब अध्यक्ष देवी दत्त भट्ट आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

केबिनेट मंत्री अग्रवाल ने किया प्राइमरी स्कूल व हरबर्टपुर निर्माणाधीन बस अड्डे का औचक निरीक्षण

विकासनगर। कैबिनेट मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल बुधवार को पछुवादून के भ्रमण पर रहे। भ्रमण के दौरान उन्होंने कालसी ब्लॉक के राजकीय प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एक शिक्षिका स्कूल से नदारद मिली।

वहीं स्कूल में भारी खामियां पाए जाने पर जिला शिक्षा अधिकारी से फोन पर वार्ता कर सुधार लाने के निर्देश दिए। वहीं कैबिनेट मंत्री ने हरबर्टपुर में निर्माणाधीन बस अड्डे का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य में गुणवत्ता बनाए रखने और निर्माण कार्य में तेजी लाने के संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए।

इज ऑफ डुइंग बिजनेस को आगे बढ़ाने के लिए कार्य करें

चम्पावत : उद्योग विभाग के जीएम डॉ. दीपक मुरारी ने इज ऑफ डुइंग बिजनेस (इओडीबी) को आगे बढ़ाने के लिए मिल कर कार्य करने की अपील की है। यूजर फीडबैक डाटा में सुधार के लिए यहां हुई कार्यशाला में अधिकारियों ने विचार विमर्श किया। बुधवार को कलक्ट्रेट सभागार में इज ऑफ डुइंग बिजनेस (इओडीबी) इज ऑफ लिविंग (इओएल) को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। उद्योग विभाग के जीएम ने बताया कि उद्योगों की स्थापना करने, सरकारी योजनाओं व औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ाने के लिए पहले से ही एकल खिड़की व्यवस्था लागू की गई है। बताया कि उद्यमी को हर तरह की जानकारी मुहैया कराने के लिए ऑनलाइन व्यवस्था चल रही है। उन्होंने बताया कि जिले में औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ाने के लिए सीएम मॉनिटरिंग कर रहे हैं। उन्होंने सभी विभागों से औद्योगिक गतिविधियों से संबंधित प्राप्त होने वाले आवेदनों का समय से निस्तारण करने की अपील की। कार्यशाला में इंवेस्ट उत्तराखंड और अपणु सरकार पोर्टल का प्रदर्शन किया गया। कन्सलटेंट अंकित द्विवेदी और देवऋषि पांडेय ने भी जानकारी दी। कार्यशाला में डीडीओ संतोष कुमार, सीओ विपिन चंद्र समेत तमाम विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। (एजेंसी)

एडी कुमाऊं का स्वागत किया

अल्मोड़ा : जनपद अल्मोड़ा पहुंचने पर एडी कुमाऊं मंडल नैनीताल अजय नौडियाल व जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक शिक्षा जनपद नैनीताल गोपाल स्वरूप भारद्वाज का कर्मचारियों ने स्वागत किया।

लंबित सात सूत्रीय मांगों के निराकरण को ज्ञापन सौंपा।

पटवारी चौकी बनी अराजक तत्वों का अड्डा

बागेश्वर : तहसील के देवतोली पटवारी चौकी में लाखों रुपये की धनराशि खर्च हुई, लेकिन इसका उपयोग एक दिन भी नहीं हो पाया है। अब यह भवन अराजक तत्वों की शरणस्थली बन गया है। खस्ताहाल भवन की चौखट और खिड़की के दरवाजे गायब हैं। सोलर लाइट, पानी की टंगी समेत सभी सामान गायब हो गया है। क्षेत्र के लोगों ने इस उपेक्षा पर कड़ी आपत्ति जताई है। भूतपूर्व सैनिक संगठन अध्यक्ष कृपाल सिंह रावत, पूर्व जिलापंचायत सदस्य शंकर राम, आनंद देवी, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य कुंदन बोरा ने देवतोली चौकी का उपयोग करने तथा राजस्व उपनिरीक्षक को यहां तैनात रहने के निर्देश देने की मांग की है। (एजेंसी)

25 ग्राम स्मैक के साथ एक गिरफ्तार

रुद्रपुर : पुलभट्टा पुलिस ने गश्त के दौरान एक व्यक्ति को 25.10 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी ने बताया कि वह बरेली से थोक में स्मैक लाकर किच्छा क्षेत्र में नशे के आदी लोगों को फुटकर में बेच कर मोटा मुनाफा कमाता था। पुलिस ने बरामद स्मैक की कीमत पांच लाख रुपये बताई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। बुधवार को पुलिस क्षेत्राधिकारी ओमप्रकाश शर्मा ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि पुलभट्टा पुलिस इंद्रा नगर सिरौली में गश्त कर रही थी। इस दौरान सड़क किनारे खड़े संदिग्ध व्यक्ति ने भागने का प्रयास किया। पुलिस ने उसे पकड़ लिया। तलाशी के दौरान आरोपी के पा से 25.10 ग्राम स्मैक बरामद हुई। आरोपी ने अपना नाम रईस पुत्र मोहम्मद निवासी वार्ड 20 इन्द्रानगर सिरौलीकला किच्छा बताया। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह बरेली के भूरा नामक व्यक्ति से स्मैक थोक में खरीद कर पुलभट्टा, सिरौलीकलां, किच्छा में नशे के आदी लोगों को फुटकर में बेचता है। सीओ ओमप्रकाश ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी पुलभट्टा थाने में ड्रग्स बेचने के आरोप में दो केस दर्ज है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। आरोपी को पकड़ने वाली पुलिस टीम में पुलभट्टा थानाध्यक्ष कमलेश भट्ट, उप निरीक्षक पवन जोशी, कांस्टेबल दीपक बिष्ट, चारु पंत आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

सेवानिवृत कर्मियों ने पेंशन बढ़ोत्तरी की मांग उठाई

चम्पावत : सेवानिवृत रोडवेज कर्मचारी संगठन के अध्यक्ष सत्य प्रकाश के नेतृत्व में बैठक हुई। जिसमें उन्होंने साढ़े सात हजार मासिक पेंशन दिए जाने, डीए व चिकित्सा सुविधा दिए जाने, कर्मचारियों को योजना में शामिल किए जाने की मांग की। बताया कि बैंगलोर में संपन्न हुई केंद्रीय बैठक में सभी 27 राज्यों ने अपने-अपने सुझाव दिए। इस मौके पर संरक्षक लीलाधर शर्मा, सचिव नवल किशोर, कोषाध्यक्ष सूरज भारद्धाज, लेखा परीक्षक पीएन पांडेय, हरीश जुयाल, ओम प्रकाश गुप्ता, संतोष गुप्ता आदि रहे। (एजेंसी)

वैकल्पिक ऊर्जा का उपयोग करने की अपील की

बागेश्वर : उरेडा के तत्वावधान में यहां ऊर्जा संरक्षण दिवस मनाया गया। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित की गई। अव्वल रहे प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। रैली निकालकर लोगों से बिजली बचाने और वैकल्पिक ऊर्जा का उपयोग करने की अपील की। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष बसंती देव ने कहा कि आज देश में बिजली की खपत बढ़ गई है। लोगों को वैकल्पिक ऊर्जा का उपयोग करने की अपील की। राष्ट्रहित में बिजली बचाने तथा फिजूलखर्ची रोकने की अपील की। इस मौके पर विभिन्न विद्यालयों के प्रतिभागी मौजूद रहे। (एजेंसी)

नाबालिग बच्चों के वाहनों का काटा चालान, मचा हड़कंप

रुद्रपुर : पुलिस ने कोचिंग के समय पर डिग्री कॉलेज रोड पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इससे नाबालिग बच्चों में हड़कंप है। पुलिस ने दर्जनों नाबालिग स्कूली बच्चों के वाहन का चालान किया। बिना हेलमेट तेज गति से वाहन चलाने वाले स्कूली छात्र-छात्राओं को चेतावनी भी दी गई। एसआई रूबी मोर्या ने बताया अभी बिना हेलमेट, बिना कागजात नहीं होने पर चालान किया गया है आगे से ऐसे बच्चों के अभिभावकों पर कार्रवाई की जाएगी। इधर पुलिस की कार्रवाई से कॉलेज रोड पर स्टंट भर रहे युवकों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। पुलिस की कार्रवाई का कालोनी वासियों और डिग्री कॉलेज स्टाफ सहित कोचिंग संस्थानों ने भी स्वागत किया और आगे भी कार्रवाई जारी रखने की मांग की। डिग्री कॉलेज रोड पर दोपहिया वाहन की चेकिंग की पिछले काफी समय से अभिभावक, कालोनीवासियों और कॉलेज के स्टाफ की ओर से मांग की जा रही थी। इस रोड पर कई कोचिंग संस्थान भी मौजूद हैं। इसमें हजारों नाबालिग बच्चे पढ़ रहे हैं। इस रोड पर चेकिंग नहीं होने से यह नाबालिग बच्चे बिना कागज और हेलमेट के तेज गति से अक्सर फर्राटा भरते नजर आते हैं। जिससे इस रोड किनारे पर रहने वाले लोग भी परेशान थे। इसे लेकर डिग्री कॉलेज प्रशासन ने भी पुलिस से इस रोड पर दोपहिया वाहन चेकिंग की मांग की थी। (एजेंसी)

लावारिश लाश का किया अंतिम संस्कार

बागेश्वर : उत्तराखंड पुलिस को यूं ही मित्र पुलिस नहीं कहा जाता है। तीन दिन पूर्व सरयू-गोमती संगम पर एक लावारिश नेपाली व्यक्ति की लाश मिली थी। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर शिनाख्त के लिए मॉर्चरी में रखा। दो दिन तक भी जब कोई नहीं आया तो पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर उसका अंतिम संस्कार किया।

अल्ट्रासाउंड को उमड़ी भीड़

अल्मोड़ा : अल्मोड़ा महिला अस्पताल में बुधवार को अल्ट्रासाउंड के लिए गर्भवतियों की भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही नगर समेत दूर-दराज से गर्भवती महिलाएं अल्ट्रासाउंड को पहुंची। भीड़ अधिक होने से महिलाओं को बारी के लिए लंबा इंतजार करना पड़ा। (एजेंसी)

घरों में पेंट कर खर्च चलाते थे पिता, बेटे ने बनाया करोड़पति

देहरादून : : उत्तराखंड के यूट्यूबर सौरभ जोशी आज किसी पहचान के मौहताज नहीं हैं। आज वह भारत के फेमस यूट्यूबर हैं, लेकिन उनका जीवन भी संघर्षों भरा रहा है। वर्तमान में वह अपने परिवार के साथ हल्द्वानी में रहते हैं।

यूट्यूब पर सौरभ जोशी के 18.8 मिलियन सब्सक्राइबर

टोटाशिलिंग, कौसानी (अल्मोड़ा) व हाल हल्द्वानी के रामपुर रोड निवासी सौरभ भारत के व्लागगि यूट्यूबरों में बड़ी जगह बना चुके हैं।

यूट्यूब पर सौरभ जोशी के 18.8 मिलियन सब्सक्राइबर हैं। 1100 से अधिक वीडियो अपलोड कर चुके हैं। 19 फरवरी 2019 से चैनल की शुरुआत की। वीडियो अपलोड होते ही उनके लाखों व्यूज आ जाते हैं। 12वीं कक्षा में पढ़ने के दौरान यूट्यूब पर चैनल बनाया

सौरभ ने 12वीं कक्षा में पढ़ने के दौरान यूट्यूब पर

अपना चैनल बनाया था। कोरोना संक्रमण की पहली लहर में लाकडाउन लग गया था। तभी उन्होंने अपने नाम से एक व्लाग बनाया। इस व्लाग पर उन्होंने सबसे पहले टीम इंडिया पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी का वीडियो अपलोड किया। इस वीडियो को काफी देखा गया और व्लाग को हजारों लाइक मिले। तब सौरभ हरियाणा में रहते थे। उस वक्त सौरभ के छह मिलियन सब्सक्राइबर हो गए थे।

उत्तराखण्ड में पर्यटन एवं ऊर्जा के क्षेत्र में अपार संभावनाएं : सीएम

ऊर्जा संरक्षण को बनाएं दिनचर्या का हिस्सा

जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि ऊर्जा संरक्षण के लिए सभी को सदैव प्रयास करने होंगे। ऊर्जा संरक्षण हमारी दिनचर्या का हिस्सा बनना जरूरी है। ज्ञान एवं विज्ञान तेजी से आगे बढ़ा है। ऊर्जा संरक्षण के लिए भी अनेक नई तकनीक का प्रयोग किया जा रहा है।

इन तकनीक के साथ ही हम बिजली का आवश्यकतानुसार ही उपयोग करें, इसे सबको अपनी आदतों में लाना होगा। यह हमारे छोटे-छोटे प्रयासों से ही संभव है। राज्य सरकार ईकोलॉजी एवं ईकोनॉमी में सतुंलन बनाये रखने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तरखण्ड में पर्यटन एवं ऊर्जा के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। राज्य की अवधारणा में पर्यटन एवं ऊर्जा आर्थिकी के मूल आधार थे, इस पर राज्य सरकार विशेष ध्यान दे रही है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को ऊर्जा संरक्षण दिवस के अवसर पर कौलागढ़ रोड स्थित ओएनजीसी में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

उत्तराखण्ड अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण एवं ओएनजीसी द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने ऊर्जा दक्ष उपकरणों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया एवं ऊर्जा संरक्षण पर आधारित 2023 के टेबल कलेण्डर का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री द्वारा ऊर्जा संरक्षण पर आधारित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया। राज्य में विभिन्न जल विद्युत परियोजनाओं पर राज्य को जल्द एनओसी मिले, इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि किसी भी देश का सतत विकास, सतत ऊर्जा से ही संभव है। हमें ऊर्जा के वैकल्पिक क्षेत्रों पर भी ध्यान देना होगा।

सचिव ऊर्जा श्री आर मीनाक्षी सुंदरम ने कहा कि उत्तराखण्ड में ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में बहुत संभावनाएं हैं। इसके लिए टीएचडीसी के साथ एक संयुक्त उपक्रम पर कार्य भी किये जा रहे हैं। राज्य में लघु जल विद्युत परियोजनाओं को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमें ऊर्जा उत्पादन के साथ ही ऊर्जा की बचत पर भी विशेष ध्यान देना होगा। यदि हम ऊर्जा की बचत करते हैं, तो वह भी ऊर्जा के उत्पादन के बराबर है। उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र में जागरूकता के लिए स्कूल के बच्चों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। बच्चे विभिन्न जानकारियों को व्यावहारिकता में लाने के साथ ही अन्य लोगों को भी जागरूक करते हैं। ऊर्जा संरक्षण की दिशा में लोगों को जागरूक करने में इनकी बड़ी भूमिका रहेगी। इस अवसर पर अपर सचिव ऊर्जा डॉ. अहमद इकबाल, कार्यकारी निदेशक ओएनजीसी आईसाई राम, उप महाप्रबंधक ओएनजीसी श्रीमती आरएस नारायनी, एमडी यूजेवीएनएल श्रीमती संदीप सिंघल आदि उपस्थित थे।

एमवी एक्ट में किए 21 चालान, लगाया 63 हजार 7 सौ का जुर्माना

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : सड़क दुर्घटना की रोकथाम के लिए प्रशासन सर्तक हो गया है। सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत उपजिलाधिकारी सदर आकाश जोशी के नेतृत्व में राजस्व विभाग और परिवहन विभाग द्वारा पौड़ी बुआखाल मोटर मार्ग पर संयुक्त रूप से चैकिंग अभियान चलाया गया। संयुक्त चैकिंग अभियान के दौरान एमवी एक्ट के अंतर्गत 21 चालान कर 63 हजार 7 सौ 50 रूपये का जुर्माना आरोपित किया गया। उप जिलाधिकारी सदर आकाश जोशी ने जानकारी देते हुए बताया कि पौड़ी बुआखाल मोटर मार्ग पर चैकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें हेलमेट, सीट बेल्ट, बिना लाइसेंस, क्षमता से अधिक यात्री सहित अन्य मामलों में 21 चालान किए गये। उन्होंने वाहन चालकों को निर्देशित किया कि यातायात नियमों का पालन करें, वाहन क्षमता के अनुसार ही यात्रियों को बिठायें। कहा कि चेकिंग के दौरान यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालकों का लाइसेंस निरस्त किया जा सकता है।

सम्बन्ध विच्छेद

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हमारा पुत्र अजय रावत पुत्र गणेश रावत शपथी एवं शपथी की पत्नी ज्योति रावत के कहने सुनने में नहीं है। जिसके कारण मैं एवं मेरी पत्नी अपने पुत्र अजय रावत से संबंध विच्छेद करते है तथा अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करते है। उसका अब शपथी एवं शपथी की पत्नी की चल एवं अचल सम्पत्ति पर कोई किसी प्रकार का अधिकार नहीं होगा। यदि शपथी का पुत्र किसी से किसी भी प्रकार लेन-देन एवं अन्य कोई भी कार्य करता है तो वह स्वयं उसका जिम्मेदार होगा।

गणेश रावत पुत्र स्व0 भगत सिंह रावत निवासी रमेश नगर वार्ड नंबर 15, नजीबाबाद रोड, कोटद्वार, पौड़ी गढ़वाल,

(0744/25) **उत्तराखण्ड**

पहाड़ों से पलायन गंभीर मुद्दा, अधिकारी ईमानदारी से करें सर्वेक्षण कार्य

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : जिलाधिकारी ने कहा कि पालयन एक गम्भीर विषय है जो कि आगे चलकर पहाड़ के भविष्य को तय करेगा, इसलिए पलायन से सम्बन्धित सर्वेक्षण कार्यों में अधिकारी अपने विवेक व तकनिकी दक्षता का पूरी क्षमता के साथ उपयोग कर रिपोर्ट तैयार करें। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि 50 प्रतिशत से अधिक पलायन कर चुके जनपद के 91 गांवों में जाकर पलायन के कारण का सर्वेक्षण कार्य ईमानदारी के साथ पूरा करें।

डीएम डॉ. आशीष चौहान ने जिला कार्यालय सभागार में अधिकारियों की बैठक लेते हुए।

मुख्यमंत्री पलायन रोकथाम योजना से आच्छादित 91 ग्राम/तोक/ मजरो में जनसांख्यिकीय एवं मूलभूत सुविधाओं के सर्वेक्षण को लेकर जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने जिला कार्यालय सभागार में अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि सर्वेक्षण फार्म पलायन के पीछे के मनोवैज्ञानिक पहलूओं को अनिवार्य रुप से दर्ज करें। उन्होंने जिला विकास अधिकारी को मुख्यमंत्री पलायन रोकथाम योजना से आच्छादित 91 गावों की मैपिंग करवाने के निर्देश दिये हैं। बैठक में पलायन रोकथाम आयोग के सदस्य ने बताया कि प्रदेश के पलायन सम्बन्धि आंकड़ों में जनपद पौड़ी का 6.8 प्रतिशत योगदान है। पलायन के इस आंकड़े में 25 से 35 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं की संख्या सर्वाधिक है।

उन्होंने बताया कि जनपद में एक हजार लोगों में से 344 लोग पलायन कर रहे है। जबकि आयोग के गठन के बाद स्थायी पलायन पांच प्रतिशत तक रुका है।

बैठक में डीडीओ पुष्पेन्द्र चौहान, मुख्य कोषाधिकारी गिरीश चन्द्र, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी राम सलोने, मुख्य कृषि अधिकारी अमरेन्द्र चौधरी, डीपीआरओ जितेन्द्र कुमार, जिला सेवायोजन अधिकारी ममता चौहान, अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0

(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल, श्रीनगर (गढ़वाल) दूरभाष: 01346-252137,

Email: dgmsrl.upcl@yahoo.com कॉरपोरेट आई0डी0 संख्या (CIN) U40109UP2001SGC025867/2358

"ई-निविदा सूचना" दिनांक : 14/12/2022

विद्युत वितरण मण्डल श्रीनगर (ग0) के अधीन विद्युत वितरण खण्ड,श्रीनगर के अन्तर्गत निम्न कार्य हेतु 'ए' श्रेणी विद्युत में पंजीकृत लाइसेन्सधारकों से जो कि ईएसआई/ईपीएफ/जीएसटी/आयकर विभाग में पंजीकृत हो एवं ब्लैकलिस्टिड न हो, जो सम्बन्धित कार्य में अनुभव रखते हों, से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र मूल्य एवं धरोहर राशि अधिशासी अभियन्ता, विद्युत परीक्षण खण्ड, श्रीनगर गढ़वाल के नाम से देय हो। निविदा जमा व खोलने का विवरण निम्नवत है-

ई-निविदा सं0	कार्य का विवरण	धरोहर राशि (रु0 में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु0 में)	निविदा प्रपत्र ऑफलाइन (कार्यालय में) जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय	ऑनलाइन एवं ऑफलाइन निविदा भाग-1 खुलने की तिथि एवं समय
21/ विविमंश्री/ 2022-23	विद्युत वितरण खण्ड, श्रीनगर के अन्तर्गत विद्युत उपखण्ड, कीर्तिनगर के अधीन 33/11 केवी0 उपसंस्थान कीर्तिनगर से पोषित होने वाले बडियारगढ़ एवं कण्डीखाल 11 केवी0 फीडरों, विद्युत लाइनों, वितरण परिवर्तकों का अनुरक्षण एवं रख-रखाव उपभोक्ताओं की शिकायतों निस्तारण, राजस्व वसूली से सम्बन्धित कार्य वाह्य एजेन्सी के माध्यम से कराया जाना।	52,000.00	रु0 1180.00 (जीएसटी सहित)	29.12.2022 12:00 बजे तक	30.12.2022 12:00 बजे प्रथम भाग
22/ विविमंश्री/ 2022-23	विद्युत वितरण खण्ड, श्रीनगर के अन्तर्गत विद्युत उपखण्ड, देवप्रयाग के अधीन 33/11 केवी0 उपसंस्थान [illegible] (जामणीखाल) से पोषित होने वाले 11 केवी0 फीडरों, विद्युत लाईनों वितरण परिवर्तकों का अनुरक्षण एवं रख-रखाव उपभोक्ताओं की शिकायतों निस्तारण, राजस्व वसूली से सम्बन्धित कार्य वाह्य एजेन्सी के माध्यम से कराया जाना।	51,200.00	रु0 1180.00 (जीएसटी सहित)	29.12.2022 12:00 बजे तक	30.12.2022 12:00 बजे प्रथम भाग

Note:-
1- Part-I of tender shall be opened on same day. Bidder must qualify above requirements in order to complete in the Tender. Failing to submit above documents in Part-I. Shall be disqualified.
2- Part-II of the tender will be opened after getting approval from competent authority.
For further details, please visit after on dated 20-12-2022 our website www.uktenders.gov.in. For any assistance on e-Tendering please contact 01346-252137.

पत्रांक: 2839/विविमं0श्री0/टी-9 अधीक्षण अभियन्ता

राष्ट्र हित में विद्युत बचायें बिजली बचाने हेतु एल0ई0डी0 बल्ब का प्रयोग करें

"Pay Electricity bill Online 24x7 from www.upcl.org" Customer Care Toll Free No.-1800 419 0405

संबंध विच्छेद

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र शिव सिंह व पुत्रवधु धनेश्वरी देवी मेरे कहने सुनने में नहीं है। जिसके कारण मैं अपने पुत्र शिव सिंह एवं पुत्रवधु धनेश्वरी देवी से संबंध विच्छेद करती हूं तथा अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। यदि भविष्य में मेरे पुत्र शिव सिंह एवं पुत्रवधु धनेश्वरी देवी द्वारा किसी भी प्रकार के कृत्य व लेन-देन किया जाता है तो वह उसके लिए स्वयं जिम्मेदार रहेगें, मैं उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व लेन-देन के लिए जिम्मेदार नहीं रहूंगी।

सावित्री देवी पति सुरेन्द्र सिंह नेगी निवासी वालागंज, पोस्ट कलालघाटी, पट्टी हल्दूखाता, तहसील कोटद्वार, पौड़ी गढ़वाल,

(0745/25) **उत्तराखण्ड**

जनता के हित में कार्य कर रही सरकार : धन सिंह

काबीना मंत्री डॉ. धन सिंह रावत श्रीनगर अस्पताल में जलाशय निर्माण का शिलायास करते हुए।

जलाशय निर्माण व पंप सेट अधिष्ठापन कार्य का किया शिलान्यास

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बुधवार को श्रीनगर विधानसभा के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों में प्रतिभाग कर योजनाओं का शिलान्यास किया। उन्होंने श्रीकोट अस्पताल में 350 केएल जलाशय निर्माण व 02 नग पंप सेट अधिष्ठापन कार्य का शिलान्यास किया। इस दौरान काबीना मंत्री ने कहा कि सरकार निरंतर रूप से जनता के हित में कार्य कर रही है।

उच्च शिक्षा मंत्री ने डूंगरी पंथ पंचायत भवन (सामान्य) व पंचायत भवन (अनुसूचित जाति) का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि गांव में पंचायत भवनों से ग्रामीणों को काफी सुविधाएं प्राप्त होती हैं।

उन्होंने श्रीकोट अस्पताल में 350 केएल जलाशय निर्माण के शिलान्यास के पश्चात अस्पताल के छात्रावास का निरीक्षण किया। उन्होंने छात्राओं से वार्ता कर सुविधाओं से संबंधित जानकारी ली। मंत्री ने अधिकारियों को साफ-सफाई, खान पान की गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए।

उच्च शिक्षा मंत्री ने राजकीय इंटर कॉलेज दिखोल्यूं में छात्र-छात्राओं को मेहनत एवं लगन से पढ़ने हेतु उत्साहित करते हुए शिक्षकों को मनोयोग से पढ़ाने के निर्देश भी दिए। उसके उपरांत उन्होंने शेमफोर्ड फ्यूचरिस्टिक स्कूल वैलकंडी के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने स्थानीय लोगों व स्कूल के विद्यार्थियों से मुलाकात की। उन्होंने वहां छात्रों को पठन-पाठन कर विभिन्न खेलों में प्रतिभाग करने को कहा। इस अवसर पर पौड़ी विधायक राजकुमार पोरी, मेडिकल कॉलेज श्रीकोट के प्राचार्य सीएमएस रावत, अधिशासी अभियंता जल संस्थान एसके राय, भाजपा जिला अध्यक्ष सुषमा रावत सहित लखपत सिंह, रमेश मंद्रवाल उपस्थित थे।

रूद्रप्रयाग में कॉर्डियक केयर यूनिट शुरू

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : जनपद वासियों के लिए खुशी की खबर है कि जिला चिकित्सालय रुद्रप्रयाग ने चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए एक नया मुकाम हासिल किया है। चिकिल्सालय में आने वाले ह्रदय रोगियों के लिए पांच बेड का कॉर्डियक केयर यूनिट का शुभारंभ विधायक भरत सिंह चौधरी एवं जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने किया। विधायक भरत सिंह चौधरी ने कहा कि जिला चिकित्सालय को जल्द ही सीटी स्कैन और दो डायलसिस की मशीनें भी उपलब्ध होगी। इस अवसर पर विधायक भरत सिंह चौधरी ने कहा कि जनपद के लिए खुशी की बात है कि लंबे समय से जो कॉर्डियक केयर चिकित्सा सुविधा का इंतजार कर रहे थे वह सुविधा अब जिला चिकित्सालय में शुरू हो गई है। जिसमें पांच बेड उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि कार्डेट की सुविधा यहां न होने की दशा में मरीजों को देहरादून एवं अन्य स्थानों को जाना पड़ता था जिससे कि यह समस्या अब नहीं होगी। उन्होंने कहा कि चिकित्सालय में डायलिसिस यूनिट में दो डायलसिस की मशीनें उपलब्ध होंगी जिससे कि डायलसिस के मरीजों को इसका लाभ होगा। उन्होंने कहा कि राज्य एवं केंद्र सरकार आम जनमानस को सभी चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत है। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एचसीएस मार्तोलिया, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजीव सिंह पाल, वरिष्ठ कोषाधिकारी प्रवीन बडोनी, डॉ. संजय तिवारी, वरिष्ठ चिकित्साधिकारी भंडार डॉ. राजीव गैरोला, सांसद प्रतिनिधि अजय सेमवाल, प्रबंधक ट्रस्टी शंकराचार्य राजकीय माधवाश्रम चिकित्सालय कोटेश्वर महंत जी महाराज सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

सम्पादकीय

शिक्षा में सुधार के प्रयास

उत्तराखंड में शिक्षा के सुधार और विकास की प्रक्रिया के लिए नए-नए प्रयोग किए जा रहे हैं हालांकि आज भी प्राइमरी एवं माध्यमिक शिक्षा का स्तर इस लायक नहीं बन पाया है कि उसकी तुलना बिजी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय से की जा सके शिक्षा विभाग में 2 दिनों में दो ऐसे आदेश जारी किए हैं जो शिक्षा के सुधार को पृष्ठभूमि पर रखकर किए गए हैं। इनमें जहां शिक्षा अधिकारियों ने बच्चों को खुले में पढ़ाने वाले अध्यापकों पर कार्रवाई करने का फैसला लिया है तो वही एक दूसरे आदेश में कहा गया है कि जो छात्रों को तय समय से अधिक समय तक पढ़एगा उसे अतिरिक्त मानदेय मिलेगा। दोनों ही आदेश एक दूसरे के विरोधाभास को दर्शाते हैं। पहाड़ी क्षेत्रों में कड़ाके की ठंड के दौरान कक्षाओं के अंदर पढ़ाना काफी मुश्किल हो जाता है। इन परिस्थितियों में अक्सर शिक्षक बच्चों को बाहर मैदान में धूप में पढ़ाने के लिए लाते हैं। ऐसा केवल उत्तराखंड में ही नहीं बल्कि पूरे देश भर के सरकारी विद्यालयों में देखने को मिलता है। विभाग की दलील है कि कक्षा के बाहर अध्ययन कराने पर छात्रों का ध्यान बाहरी गतिविधियों पर रहता है जिस कारण वे खुद को एकाग्र नहीं कर पाते। यह परिस्थितियां मैदान एवं पहाड़ी क्षेत्रों में अलग-अलग तौर पर प्रभावी हो सकती हैं। पहाड़ों में कड़ाके की ठंड के कारण कक्षाएं काफी ठंड महसूस कराने वाली होती है इन परिस्थितियों में अक्सर बाहर मैदानों में कक्षाएं संचालित होती हैं। शिक्षा विभाग को पहाड़ी क्षेत्रों में कक्षाओं के बाहर पढ़ाई किए जाने पर आपत्ति नहीं होनी चाहिए। उधर एक अन्य फैसले में शिक्षकों को प्रोत्साहित करने का फैसला लिया गया है यदि वह कई समय से अधिक एक्स्ट्रा कक्षाएं लेते हैं। इन परिस्थितियों में शिक्षकों को मानदेय दिया जाएगा। शिक्षा में सुधार के प्रयास निश्चित तौर पर होनी चाहिए और कहीं ना कहीं सरकार इसके प्रयास कर भी रही है लेकिन प्रदेश में प्राइमरी शिक्षा की जो हालत है वह किसी से छिपी नहीं है। स्कूलों के भवन में सुधार अपेक्षित है तो वही सरकारी प्राथमिक शिक्षा छात्रों को निजी स्कूलों के स्तर के निकट भी नहीं खड़ा कर पाती है। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि छात्रों की बुनियाद मजबूत की जाए और वह तभी संभव है जब प्राइमरी शिक्षा का ढांचा मजबूत बनाया जाएगा। सरकार को शिक्षा को बेहतर बनाने की दिशा में प्रयास करने चाहिए ना कि छात्रों को कक्षाओं के अंदर पढ़ाना है या बाहर ऐसे आदेश जारी करने पर अपना समय बर्बाद करना चाहिए।

भारत की जी20 अध्यक्षता, व्यवसायों के लिए एक अनूठा अवसर है

भारत में तेजी से डिजिटलीकरण हो रहा है, जो खुदरा, फिनटेक, शिक्षा और कई अन्य क्षेत्रों को बढ़ावा दे रहा है। 1.17 बिलियन मोबाइल फोन ग्राहकों और 700 मिलियन इंटरनेट उपयोगकर्ताओं के साथ, भारत में अक्टूबर 2022 के दौरान यूपीआई पर 7 बिलियन लेन-देन हुए। देश ने अपने वैक्सीन मिशन के लिए भी डिजिटल तकनीक को सफलतापूर्वक लागू किया है।इन क्षेत्रों में भारत का नेतृत्व, आने वाले वर्ष में जी20 को अपने एजेंडे को आगे बढ़ाने में मदद करेगा। इसे दुनिया के व्यवसायों के सुझावों का समर्थन मिलेगा, जो जी20 संवाद समूहों के सबसे बड़े समूह, बी20 के तहत विचारों को विकसित करेगा। नामित बी20 सचिवालय के रूप में, भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने सरकार सहित अन्य हितधारकों के परामर्श से, परिचर्चा के लिए नौ प्राथमिकता वाले क्षेत्रों को रेखांकित किया है।

चंद्रजीत बनर्जी

पिछले महीने बाली में आयोजित जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान राजनेताओं की घोषणा में श्अद्वितीय बहुआयामी संकटश के बारे में बात की गई थी, जिसका वर्तमान में दुनिया सामना कर रही है। इसमें सार्वजनिक निवेश में वृद्धि करने के साथ-साथ निजी निवेश को बढ़ावा देने और बहुपक्षीय व्यापार को मजबूत करने का संकल्प लिया गया। वैश्विक अर्थव्यवस्था, सतत विकास और डिजिटलीकरण से संबंधित इसकी कई नीतिगत कार्रवाइयांय जी20 के व्यवसाय संवाद समूह, व्यापार 20 (बी20) द्वारा की गई सिफारिशों के अनुरूप थीं।

भू-राजनीतिक संबंधों के प्रत्यक्ष बदलाव के समय में, जी20 अध्यक्ष के रूप में भारत की भूमिका वैश्विक स्थिरता और व्यापक आर्थिक समन्वय पर केन्द्रित होगी, क्योंकि राष्ट्र महामारी के बाद, यूक्रेन संघर्ष और जलवायु परिवर्तन से निपटने का प्रयास कर रहे हैं।

वसुधैव कुटुम्बकम या ष्एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्यष की थीम समसामयिक चुनौतियों को देखते हुए पूरी तरह उपयुक्त है और यह सामान्य वैश्विक मुद्दों का सामना करने के सन्दर्भ में, पूरी दुनिया को साथ मिलकर काम करने के लिए एक मंच देती है। बाली में जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने जोर देते हुए कहा था, भारत की जी20 अध्यक्षता समावेशी, महत्वाकांक्षी, निर्णायक और कार्रवाई-उन्मुख होगी।

भारत ने शेरपा ट्रैक के तहत 13 कार्य समूहों का गठन किया है, जो रोजगार, डिजिटल अर्थव्यवस्था और व्यापार तथा निवेश समेत अन्य क्षेत्रों पर सिफारिशें प्रदान करेंगे। वित्त ट्रैक के तहत, जी20 के वित्त मंत्री और केंद्रीय बैंक व्यापक आर्थिक विकास, आर्थिक जोखिम और अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संरचना तथा अन्य बातों पर चर्चा करेंगे।

भारत द्वारा रेखांकित की गयी प्राथमिकताएं, दुनिया के सामने मौजूद महत्वपूर्ण मुद्दों का प्रतिनिधित्व करती हैं। जी20 देशों के बीच सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में, भारत ने व्यापार और निवेश, जलवायु परिवर्तन शमन तथा डिजिटलीकरण जैसे क्षेत्रों को उल्लेखनीय रूप से प्रभावित किया है और देश आने वाले वर्ष में जी20 के नीतिगत निर्णयों को अंतिम स्वरूप देने के क्रम में एक बड़े विकासशील राष्ट्र के रूप में अपनी अंतर्दृष्टि का

उपयोग कर सकता है।

वैश्विक व्यापार, 2022 की अपेक्षित विकास दर 3.5 प्रतिशत की तुलना में धीमा होकर 2023 में केवल 1 प्रतिशत रहने का अनुमान है। भारत आज उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (पीएलआई) जैसी प्रगतिशील नीतियों, कारोबार में आसानी मिशन तथा अवसंरचना निर्माण, जिसने इसे वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं के विविधीकरण में योगदान देने में सक्षम बनाया है, की मदद से एक वैश्विक विनिर्माण और व्यापार केंद्र के रूप में उभरा है।

सतत विकास के सन्दर्भ में, भारत 2023 के जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक में शीर्ष 5 पायदान वाले राष्ट्र के रूप में उभरा है, जो जी20 के बीच सबसे बेहतर है। भारत ने प्रमुख क्षेत्रों के लिए अपनी दीर्घकालिक कम उत्सर्जन विकास रणनीति पेश की है और नवीकरणीय ऊर्जा, हरित हाइड्रोजन, ई-गतिशीलता और मिश्रित ईंधन में महत्वपूर्ण पहल कीं हैं, जो इसे अपने राष्ट्रीय निर्धारित योगदान के मार्ग पर आगे बढ़ाते हैं।

भारत में तेजी से डिजिटलीकरण हो रहा है, जो खुदरा, फिनटेक, शिक्षा और कई अन्य क्षेत्रों को बढ़ावा दे रहा है। 1.17 बिलियन मोबाइल फोन ग्राहकों और 700 मिलियन इंटरनेट उपयोगकर्ताओं के साथ, भारत में अक्टूबर 2022 के दौरान यूपीआई पर 7 बिलियन लेन-देन हुए। देश ने अपने वैक्सीन मिशन के लिए भी डिजिटल तकनीक को सफलतापूर्वक लागू किया है।

इन क्षेत्रों में भारत का नेतृत्व, आने वाले वर्ष में जी20 को अपने एजेंडे को आगे बढ़ाने में मदद करेगा। इसे दुनिया के व्यवसायों के सुझावों का समर्थन मिलेगा, जो जी20 संवाद समूहों के सबसे बड़े समूह, बी20 के तहत विचारों को विकसित करेगा। नामित बी20 सचिवालय के रूप में, भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने सरकार सहित अन्य हितधारकों के परामर्श से, परिचर्चा के लिए नौ प्राथमिकता वाले क्षेत्रों को रेखांकित किया है।व्यापार के लिए बी20 भारत की प्राथमिकताएं- विकासशील अर्थव्यवस्थाओं का वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में एकीकरण, सेवा व व्यापार का विविधीकरण और अफ्रीकी साझा बाजार के अवसरों का उपयोग करने पर ध्यान केंद्रित करेंगी। वित्तीय समावेशन के विस्तार के साथ वित्तपोषण व अवसंरचना के विकास की भी पहचान की गई है। प्रौद्योगिकी के तहत नवाचार और आरएंडडी, डिजिटल बदलाव और कार्य का भविष्य, कौशल निर्माण तथा मोबिलिटी जैसी प्राथमिकताओं पर विचार-विमर्श किया जाएगा। बी20 के विचार-विमर्श से ऊर्जा, जलवायु परिवर्तन और संसाधन दक्षता आदि क्षेत्रों को भी बहुत लाभ मिलने की उम्मीद है।

भारत की जी20 अध्यक्षता के एक भाग के रूप में, भारतीय व्यवसायों के पास इस वर्ष अपने दृष्टिकोण को साझा करने और वैश्विक आर्थिक विकास एवं स्थिरता को बढ़ावा देने का एक अनूठा अवसर है। अपनी उद्यमशील प्रतिभा, नवाचार और सामाजिक जिम्मेदारी के साथ, हम दुनिया को अपनी ताकत दिखा सकते हैं, क्योंकि बी20 भारत संवाद को अंतिम स्वरूप दिया जा रहा है।

लेखक महानिदेशक, भारतीय उद्योग परिसंघ है

नई बयार की तरह

एक आम घर से आए और राजनीति में अपने संघर्ष या कार्य-कौशल से उभरे नेता के लिए अगर कांग्रेस में ऊंचे पदों पर जगह बनने लगी है, तो इससे पार्टी के बेहतर भविष्य का अनुमान लगाया जा सकता है।

सुखविंदर सिंह सुक्खू का हिमाचल प्रदेश में विधायक दल का नेता चुना कांग्रेस पार्टी में बही नई बयार की तरह है। एक आम घर से आए और राजनीति में अपने संघर्ष या कार्य-कौशल से उभरे नेता के लिए अगर कांग्रेस में ऊंचे पदों पर जगह बनने लगी है, तो इससे पार्टी के बेहतर भविष्य का अनुमान लगाया जा सकता है। वरना, धीरे-धीरे यह धारणा बनती गई थी कि कांग्रेस में पहली पीढ़ी के नेताओं के लिए आगे बढने के दरवाजे बंद हैं। पार्टी के ऊपरी सतह पर सिर्फ उन नेताओं के लिए जगह है, जो राजनेता परिवार या फिर धनी-मानी घरानों से आए हों। कांग्रेस को जिन बातों से सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचा, उनमें ये गहराती गई धारणा भी है। इसके अलावा कांग्रेस नेतृत्व ने अपने को श्शासन की स्वाभाविक पार्टी मान कर और वंचित-गरीब जनता की नुमांइंदी छोड़ कर भी अपने पांव पर कुल्हाड़ी मारी। यह अच्छी बात है कि कम से कम राहुल गांधी को यह महसूस हुआ कि देश का शासक वर्ग अब उसे अपनी पार्टी नहीं समझता-इसलिए कांग्रेस को अब जनता के बीच जाने की जरूरत है।

भारत जोड़ो यात्रा के साथ उन्होंने इसकी शुरुआत की है। लेकिन यह ध्यान में रखना चाहिए कि यह शुरुआत भर है। भारत जैसे देश में जहां आज भी मोटे तौर पर गरीब वर्ग बहुसंख्या में है, वहां उनकी नुमाइंदी का दावा छोड़ कर साढ़े तीन दशक पहले कांग्रेस ने खुद को धन-निर्माण (वेल्थ क्रिएशन) की प्रबंधक पार्टी बना लिया। उसके साथ वेल्फेयर (जन कल्याण) का आवरण उसने जरूर अपनाया, लेकिन राजनीति सिर्फ प्रबंधन और चारा दें कने की कला नहीं है। प्रतिनिधित्व इसका सबसे प्रमुख पहलू है। यह यूं ही नहीं है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बार-बार अपनी गरीब पृष्ठभूमि की याद दिलाते रहते हैं। या इंदिरा गांधी की जुबान पर गरीबी हटाओ और समाजवाद के नारे हमेशा मौजूद नहीं रहते थे। नुमाइंदी के इस पहलू पर कांग्रेस आज भी कोई पहल करती नजर नहीं आ रही है। बहरहाल, दो बिंदुओं पर अगर उसने अपनी चाल-ढाल बदलने की पहल की है, तो आशा की जानी चाहिए आने वाले दिनों में राजनीति के प्रति उसकी यह समझ भी बदलेगी।

कांग्रेस को अमेठी और रायबरेली की चिंता

कांग्रेस पार्टी और सोनिया गांधी के परिवार को दो पारंपरिक लोकसभा सीटों- अमेठी और रायबरेली की चिंता सता रही है। इन सीटों पर दशकों से परिवार का कब्जा रहा है लेकिन पिछले चुनाव में भाजपा की स्मृति ईरानी ने अमेठी सीट पर राहुल गांधी को हरा दिया था। राहुल की टीम को पहले से इसका अंदाजा था इसलिए केरल की वायनाड सीट से भी वे चुनाव लड़े थे, जहां से अभी सांसद हैं। सो, अब बड़ा सवाल यह है कि राहुल गांधी इस बार अमेठी से चुनाव लडेंगे या नहीं? अगर लड़ेंगे तो क्या एक ही सीट से लड़ेंगे या फिर अमेठी और वायनाड दोनों सीटों से लड़ेंगे?

ध्यान रहे नेहरू-गांधी परिवार का कोई भी सदस्य लगातार दो चुनाव नहीं हारा है। इंदिरा गांधी भी रायबरेली से हारी थीं तो चिकमगलूर से उपचुनाव में जीत गई थीं और उसके बाद फिर नहीं हारीं। सोनिया गांधी कोई भी चुनाव नहीं हारी हैं। राहुल भी 2004 से चुनाव लड़ रहे हैं और पहली बार 2019 में अमेठी से हारे। इसलिए परिवार यह जोखिम नहीं ले सकता है कि वे फिर से अमेठी लड़ें और हार जाएं। उत्तर प्रदेश की अभी जो स्थिति है, वह कांग्रेस के लिए बहुत अच्छी नहीं है। भाजपा हिंदुत्व की लहर पर सवार है और कांग्रेस व परिवार ने भी दोनों क्षेत्रों को छोड़ा हुआ है। दूसरी ओर भाजपा और स्मृति ईरानी दोनों क्षेत्र में सक्रिय हैं।

जहां तक रायबरेली का सवाल है तो यह लगभग तय है कि सोनिया गांधी इस बार चुनाव नहीं लड़ेंगी। उनकी सेहत भी ठीक नहीं है और कांग्रेस अध्यक्ष का पद छोडने के बाद वे लगभग संन्यास की स्थिति में हैं। अगर उनको सांसद बनना भी होगा तो शरद पवार की तरह राज्यसभा में चली जाएंगी। तभी माना जा रहा है कि उनकी सीट से इस बार प्रियंका गांधी वाड्रा चुनाव लड़ सकती हैं। उस सीट को लेकर कांग्रेस फिर भी भरोसे में है लेकिन अमेठी को लेकर पार्टी का भरोसा नहीं बन रहा है।

यह तय मानें कि इन दोनों सीटों पर भाजपा बड़ी लड़ाई बनाने का प्रयास करेगी। अगर प्रियंका और राहुल चुनाव लड़ते हैं या सिर्फ प्रियंका लड़ती हैं तब भी पार्टी घेराबंदी करेगी। कोई बड़ा और जुझारू उम्मीदवार उतारा जाएगा ताकि प्रियंका को उनके क्षेत्र में ही घेरा जा सके। कांग्रेस की एक चिंता यह भी है कि अगर राहुल गांधी फिर अमेठी नहीं लड़ते हैं तो कौन लड़ेगा? एक जमाने में जब परिवार का कोई सदस्य नहीं लड़ता था तो कैप्टेन सतीश शर्मा और संजय सिंह जैसे परिवार के करीबी लोग लड़ते थे। अब ऐसा कौन है, जिसको चुनाव लड़ाया जाए? कांग्रेस में इस बात पर विचार हो रहा है। क्या प्रियंका और उनके पति रबर्ट वाड्रा दोनों चुनाव लड़ सकते हैं? इसका क्या मैसेज होगा, इस पर भी विचार हो रहा है। अगले कुछ दिन में कांग्रेस को तय करना है कि रायबरेली और अमेठी की दो सीटों से कौन लड़ेगा और फिर उसकी तैयारी शुरू करनी है।

जहां तक रायबरेली का सवाल है तो यह लगभग तय है कि सोनिया गांधी इस बार चुनाव नहीं लड़ेंगी। उनकी सेहत भी ठीक नहीं है और कांग्रेस अध्यक्ष का पद छोडने के बाद वे लगभग संन्यास की स्थिति में हैं। अगर उनको सांसद बनना भी होगा तो शरद पवार की तरह राज्यसभा में चली जाएंगी।
तभी माना जा रहा है कि उनकी सीट से इस बार प्रियंका गांधी वाड्रा चुनाव लड़ सकती हैं। उस सीट को लेकर कांग्रेस फिर भी भरोसे में है लेकिन अमेठी को लेकर पार्टी का भरोसा नहीं बन रहा है।
यह तय मानें कि इन दोनों सीटों पर भाजपा बड़ी लड़ाई बनाने का प्रयास करेगी। अगर प्रियंका और राहुल चुनाव लड़ते हैं या सिर्फ प्रियंका लड़ती हैं तब भी पार्टी घेराबंदी करेगी।

रतालू के सेवन से होने वाले 5 प्रमुख फायदे, आज से ही डाइट में करें शामिल

लोग अक्सर रतालू को शकरकंद समझ लेते हैं, लेकिन यह शकरकंद की तुलना में कम मीठे और ज्यादा स्टार्च वाले होते हैं। इसके अंदर का हिस्सा सफेद, पीला, बैंगनी या नारंगी होता है। पीले, नारंगी और बैंगनी रंग के रतालू में एंटीअक्सीडेंट, कार्बोहाइड्रेट और विटामिन की भरपूर मात्रा होती है, वहीं सफेद रतालू में पोटैशियम की मात्रा ज्यादा होती है। इन सबके कई स्वास्थ्य लाभ हैं। आइए आज हम आपको रतालू से होने वाले पांच फायदे बताते हैं।

दिमाग के स्वास्थ्य को बढ़ाए

रतालू का सेवन करने से आपके दिमाग के स्वास्थ्य को मदद मिल सकती है। इसमें डायोसजेनिन नामक एक रसायन होता है जो न्यूरन के विकास को बढ़ाने और दिमाग के कामों में सुधार करने के लिए है। इसके अलावा यह मानसिक स्वास्थ्य के लिए बेहद फायदेमंद होता है। इसमें न्यूरोप्रोटेक्टिव गुण होता है जो मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर रखने में मदद्गार होता है। आप चाहें तो रतालू को उबाल कर या फिर इसकी सब्जी बनाकर खा सकते हैं।

कैंसर के इलाज में फायदेमंद

रतालू में कैंसररोधी गुण पाए जाते हैं जो कैंसर को रोकने में मदद्गार होता है और यह कैंसर कोशिकाओं को फैलने से रोकता है। इसमें फिनोल, फ्लेवोनोइड्स और विटामिन सी जैसे एंटीअक्सीडेंट उच्च मात्रा में मौजूद हैं। इन एंटीअक्सिडेंट्स में कैंसर से लडने वाले प्रभाव होते हैं। वहीं रतालू में मौजूद विटामिन ए फेफड़े और मुंह के कैंसर से लडने में सहायक है। इसके अलावा इसमें मौजूद फाइबर शरीर से विषाक्त तत्वों को बाहर निकालता है।

श्वसन प्रणाली को बनाए रखने में कारगर

रतालू में कई पोषक तत्व मौजूद हैं। करीब 100 ग्राम रतालू में 118 कैलोरी, 02 ग्राम वसा, 816 मिलीग्राम पोटैशियम, 28 ग्राम कार्बोहाइड्रेट, 4 ग्राम फाइबर, 15 ग्राम प्रोटीन, 28 प्रतिशत विटामिन सी और 15 प्रतिशत विटामिन बी, 5 प्रतिशत मैगनीशियम आदि पाए जाते हैं। इस वजह से इसके सेवन से श्वसन प्रणाली बढिया काम करती है और आपके स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद करती है। यह फेफड़ों की समस्या से भी राहत दिलाता है।

कोलेस्ट्रल को रखें कंट्रोल

कोलेस्ट्रल का स्तर बढने पर रतालू का सेवन आपके लिए फायदेमंद साबित हो सकता है। यह कोलेस्ट्रल के स्तर को नियंत्रित करने में मदद करता है। दरअसल, इसमें मौजूद फाइबर खराब कोलेस्ट्रल को बढने से रोकता है और कब्ज की समस्या से राहत दिलाता है। इससे आपकी पाचन क्रिया भी दुरुस्त रहती है। यह आपके मांसपेशियों को मजबूत बनाता है और प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ावा देने में मदद करता है।

त्वचा के स्वास्थ्य को बढ़ाए

रतालू के सेवन से शरीर के विषाक्त तत्व बाहर निकल जाते हैं जिससे त्वचा रोग दूर होने में मदद मिलती है। इसमें मौजूद विटामिन सी हमारे शरीर में कोलेजन निर्माण को बढ़ावा देते हैं। यह एक ऐसा प्रोटीन है जो त्वचा की कोमलता बनाए रखने में मदद करता है। बता दें कि उम्र बढने के साथ-साथ शरीर का कोलेजन उत्पादन कम होने लगता है, इसलिए कोलेजन के स्तर को बनाए रखने में इसका सेवन जरूरी है।

मुद्दों के दम पर जीती कांग्रेस

प्रकाश उप्रेती

पहाड़ों में गिरते तापमान के बीच चुनाव परिणामों ने हिमाचल प्रेदश के मौसम में गर्माहट पैदा कर दी है। चुनाव परिणामों ने नब्बे के दशक से चले आ रहे पैटर्न को दोहराते हुए कई बड़े संकेत भी दिए हैं।

इन संकेतों को श्पांच साल कांग्रेस और फिर पांच साल बीजेपी वाले फार्मूले से हटकर देखने की जरूरत है क्योंकि जहां बीजेपी राष्ट्रीय मुद्दों और चेहरों के साथ राज्य-दर-राज्य जीत रही है वहीं कांग्रेस लगातार कमजोर हो रही है। इधर कुछ वर्षों में बीजेपी ने जिस तरह से चुनाव लड़े हैं, उसे देखकर भी इन परिणामों को पैटर्न के तौर पर ही नहीं देखा जा सकता, जबकि हिमाचल में तो पांच वर्षों से बीजेपी की सरकार रही है और केंद्र में अनुराग ठाकुर जैसे मंत्री और राष्ट्रीय अध्यक्ष भी इसी प्रदेश से आते हैं। ऐसे में हिमाचल में बीजेपी के हाथ से सत्ता का जाना और कांग्रेस की 40 सीटों के साथ वापसी हाल के चुनावी नतीजों के हिसाब से बड़ी घटना हैं।

हिमाचल का यह चुनाव राष्ट्रीय बनाम क्षेत्रीय मुद्दों और नेताओं के इर्द गिर्द रहा। बीजेपी जहां प्रधानमंत्री मोदी के नाम तो वहीं कांग्रेस स्व. वीरभद्र सिंह के कार्यों को आगे कर चुनाव लड़ रही थी। इस बार कांग्रेस ने इमोशनल कर्ड के तौर पर वीरभद्र के नाम को आगे करके ही चुनाव लड़ा। यह कांग्रेस की सोची समझी रणनीति थी। रणनीति में सफल भी हुई। हिमाचल की 68 सीटों वाली विधानसभा में बीजेपी का 25 सीटों पर सिमट जाना और कांग्रेस की 40 सीटें आने के पीटे बीजेपी की अंदरूनी खेमेबाजी की भी बड़ी भूमिका रही है। हिमाचल बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का गृह राज्य है, लेकिन वह राज्य की राजनीति में कभी भी बड़ा फैक्टर नहीं रहे हैं। जैसा कि बीजेपी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्षों का अपने गृह राज्यों में रहा है। इसके कारण हिमाचल में बीजेपी के कई गुट बन गए जिनमें एक मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर तो दूसरा प्रेम कुमार धूमल परिवार के इर्द गिर्द

बनने लगा। गुटबाजी के कारण बीजेपी के 20-21 पुराने नेता बागी हो गए। उनमें से अधिकतर निर्दलीय चुनाव मैदान में उतर गए। इसका सीधा असर बीजेपी के वोट शेयर पर पड़ा जिसका फायदा कई जगह कांग्रेस के प्रत्याशियों को मिला। लोकल स्तर पर कांग्रेस ने इसका प्रचार भी बड़ा किया। उसकी जीत के मार्जन में उसे इसका फायदा भी मिला। हिमाचल प्रदेश पहाड़ी राज्य है। वहां 225 लाख से ज्यादा सरकारी कर्मचारी और 190 लाख के आसपास पेंशनर हैं। सरकारी नौकरी में जाने का एक बड़ा लोभ रिटायरमेंट के बाद मिलने वाली पेंशन है। जब से पुरानी पेंशन स्कीम खत्म हुई तब से यह तबका बीजेपी से नाराज चल रहा था। हिमाचल में पिछले कुछ वर्षों में जो आंदोलन हुए उनमें सरकारी कर्मचारियों का पेंशन आंदोलन एक बड़ा आंदोलन रहा है। सरकारी कर्मचारियों के इस आक्रोश को कांग्रेस ने अच्छे से भुनाया। हिमाचल की पहली रैली में ही प्रियंका गांधी ने इस मुद्दे पर बोलते हुए कहा, श्हमारी सरकार आएगी तो पहली कैबिनेट में पुरानी पेंशन स्कीम को लागू किया जाएगा। कांग्रेस की इस घोषणा और बीजेपी को लेकर आक्रोश ने भी सत्ता परिवर्तन का नैरेटिव खड़ा करने में बड़ी मदद की। चुनाव में बीजेपी, कांग्रेस और लेफ्ट पार्टियों के साथ इस बार आप भी मैदान में थी।

चुनाव कैम्पेन के आरंभिक दौर में कयास लगाए जा रहे थे कि इस बार हिमाचल में त्रिकोणीय मुकाबला होगा क्योंकि हिमाचल के बगल वाले राज्य पंजाब में आम अदामी पार्टी की सरकार बन चुकी थी और जोर-शोर से हिमाचल के चुनावों में उतरी थी। लेकिन जैसे-जैसे चुनावी पारा बढ़ता गया वैसे-वैसे आम आदमी पार्टी सिमटती गई। हिमाचल के चुनावी मैदान से आम आदमी पार्टी का गायब होना भी कांग्रेस को फायदा पहुंचा गया।

इस बात की तस्दीक हिमाचल के वोट शेयर (बीजेपी-43.00, कांग्रेस- 43.90 और आप-1.10) भी करते हैं। बीजेपी और कांग्रेस के बीच में .90 प्रतिशत का अंतर है। हिमाचल जैसे छोटे राज्य में जहां विधानसभा में जीत-हार का अंतर कम रहता है, वहां पर अगर श्आप का वोट शेयर थोड़ा भी बढ़ता तो उसका सीधा असर सीटों पर पड़ता। पिछले उत्तराखंड, गोवा और अब गुजरात चुनावों के आंकड़ों को देखें तो स्पष्ट होता है कि-जहां-जहां आप का वोट शेयर बढ़ा है, वहां-वहां कांग्रेस का वोट शेयर कम हुआ है। इस बार के चुनावों में जयराम ठाकुर की सराकर के खिलाफ बड़े स्तर पर आक्रोश नहीं था लेकिन जमीनी स्तर पर अलग-अलग क्षेत्रों और समूह के बीच जो नाराजगी थी, उसे कांग्रेस ने रणनीतिक तौर पर संगठित करने का प्रयास किया। वह चाहे किन्नौर में जल विद्युत परियोजनाओं के खिलाफ लंबे समय से चल रहे श्नो मीन्स नो का आंदोलन हो या फिर जयराम ठाकुर द्वारा श्सवर्ण आयोग की घोषणा के बाद अन्य तबकों में उपजा आक्रोश हो या सेब पैकिंग के सामान पर जीएसटी लगने से आक्रोशित सेब बागवानी के किसानों का आंदोलन। इन सब मुद्दों को कांग्रेस ने स्थानीय स्तर पर दमखम के साथ उठाया और बीजेपी सरकार के खिलाफ माहौल बनाने में कामयाबी हासिल की है।

शिशु बोटुलिज्म क्या है? जानिए इसके कारण, लक्षण और बचने के उपाय

शिशु बोटुलिज्म एक दुर्लभ बैक्टीरिया संक्रमण है जो शिशुओं की बड़ी आंत में होता है। इससे बच्चों की मांसपेशियां कमजोर होती है और उन्हें सांस लेने और खाने-पीने में दिक्कत होती है। यह एक साल के कम उम्र के बच्चों को इसलिए होता है, क्योंकि उनका पाचन तंत्र बैक्टीरिया को संभालने के लिए पूरी तरह से विकसित नहीं होता है। बच्चों को इस संक्रमण से बचाने के लिए आज हम आपको इसके लक्षण, बचाव और इलाज के बारे में बताएंगे। शिशु बोटुलिज्म एक ऐसी जानलेवा बीमारी है जिसमें क्लोस्ट्रीडियम बोटुलिनम नामक बैक्टीरिया शिशु के पेट के अंदर बढने लगते हैं। यह बैक्टीरिया कुछ खाद्य पदार्थों खासकर शहद के अलावा दूषित मिट्टी, धूल और खुले घाव में पाए जाते हैं। यह बीमारी नवजात या एक साल के उम्र के बच्चों को ज्यादा प्रभावित करती है। इसका सही समय पर इलाज नहीं करने से बच्चे को कमजोरी और सांस की बीमारी होने के साथ-साथ जान का भी खतरा रहता है। क्लोस्ट्रीडियम बोटुलिज्म आमतौर पर एक साल से छोटे बच्चों को शहद खिलाने के कारण होता है।

न्यूजीलैंड में युवाओं के सिगरेट खरीदने पर आजीवन प्रतिबंध

वेलिंगटन,एजेंसी।न्यूजीलैंड ने युवाओं के सिगरेट खरीदने पर आजीवन प्रतिबंध लगाकर धूम्रपान को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने की एक अनूठी योजना को मंगलवार को कानून का रूप दे दिया। इस कानून में यह प्रावधान किया गया है कि एक जनवरी, 2009 को, या उसके बाद पैदा हुए किसी भी व्यक्ति को कभी भी तम्बाकू नहीं बेचा जा सकता । इसका मतलब है कि सिगरेट खरीदने की न्यूनतम उम्र समय के साथ-साथ बढ़ती रहेगी। सैद्धांतिक रूप से, कोई व्यक्ति जो अब से 50 साल बाद सिगरेट का एक पैकेट खरीदने की कोशिश करेगा, उसे यह साबित करने के लिए पहचान पत्र की आवश्यकता होगी कि वह कम से कम 63 वर्ष का है। अधिकारियों को उम्मीद है कि इससे पहले ही देश में धूम्रपान कम हो जाएगा।

यूक्रेन की राजधानी में रूस का ड्रोन हमला, धमाकों में इमारतों को भारी नुकसान

कीव, एजेंसी। यूक्रेन की राजधानी कीव में दो प्रशासनिक इमारतें बुधवार को रूस के ड्रोन हमले की चपेट में आकर क्षतिग्रस्त हो गईं। हालांकि, यूक्रेन वायु रक्षा बल ने कई ड्रोन मार गिराए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। हमलों में किसी के हताहत होने की अभी कोई खबर नहीं है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने एक वीडिया संदेश में कहा कि श्आतंकवादियों ने 13 ईरान निर्मित ड्रोन दागे और उन सभी को मार गिराया गया। हाल के हफ्तों में रूस ने यूक्रेन में ड्रोन के अलावा मोर्टार, तोप और रकेट के जरिए हमले किये हैं। कीव प्रशासन के प्रमुख शेरही पोप्को ने लिखा कि दो बार हमले किए गए और ड्रोन से एक प्रशासनिक इमारत और चार आवासीय इमारत मामूली रूप से क्षतिग्रस्त हो गईं। हमले में किसी के हताहत होने की अभी तक कोई पुष्टि नहीं हो पाई है। गौरतलब है कि अमेरिका के अधिकारियों ने मंगलवार को कहा था कि अमेरिका यूक्रेन को पैट्रियाट मिसाइल की खेप भेजने की मंजूरी देने की तैयारी कर रहा है।

पैट्रियाट सतह से हवा में मार करने वाली एक उन्नत मिसाइल है। यूक्रेन के नेताओं ने रूसी हमलों का मुकाबला करने के लिए अधिक उन्नत हथियारों का अनुरोध किया था।

पेरू के राष्ट्रपति पेड्रो कैस्टिलो को हिरासत में रखने का आदेश

लीमा, एजेंसी। पेरू के उच्चतम न्यायालय ने देश के अपदस्थ राष्ट्रपति पेड्रो कैस्टिलो की अपील खारिज करते हुए उन्हें हिरासत में रखने का आदेश सुनाया है।

कैस्टिलो के खिलाफ विद्रोह भड़काने का आरोप है। पेरू के उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश सीजर सैन मार्टिन कास्त्रो का यह फैसला देशभर में हिंसक विरोध को और भड़का सकता है, क्योंकि लोग कैस्टिलो की रिहाई, उनके बाद नियुक्त राष्ट्रपति के इस्तीफे और नए राष्ट्रपति को चुनने तथा कांग्रेस के सभी सदस्यों को बदलने के लिए तत्काल आम चुनाव कराने की मांग कर रहे हैं।

न्यायाधीश ने कहा कि बुधवार को राष्ट्रीय टेलीविजन पर प्रसारित कैस्टिलो की यह घोषणा कि उन्होंने राष्ट्रपति के आदेश से संसद को भंग किया था, श्महज एक बयान नहीं है बल्कि यह संवैधानिक व्यवस्था को बदलने की उनकी ठोस मंशा को जाहिर करता है।

अभियोजक कैस्टिलो को 3 साल तक लगातार हिरासत में रखने का अनुरोध कर सकते हैं। न्यायाधीश ने कहा कि सबूतों से पता चलता है कि कैस्टिलो को तब रोका गया, जब उन्होंने शरण लेने के लिए मैक्सिको के दूतावास पहुंचने की कोशिश की थी।

अरुणाचल के तवांग में निगरानी चौकी स्थापित करने की योजना बना रही थी पीएलए

कोलकाता, एजेंसी। गलवान की तरह, चीनी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) अरुणाचल प्रदेश के तवांग में यांग्स्ते में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर एक निगरानी चौकी (ओपी) स्थापित करने की योजना बना रही थी, जब भारतीय सेना के जवानों ने उन्हें वहां से भगाया। इस बात का खुलासा अरुणाचल प्रदेश में तैनात सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी ने किया है। निर्धारित दिशानिर्देशों के अनुसार, कोई भी ओपी या इसी तरह का ढांचा एलएसी के पास किसी भी ओर से स्थापित नहीं कर सकता है।

जानकारी के अनुसार, एलएसी के पास पहले से ही काफी ठंड है। अगले कुछ हफ्तों के भीतर एलएसी के करीब के सभी क्षेत्र कई फीट बर्फ से ढक जाएगा। भारतीय पक्ष से सीमा के अग्रीम पोस्ट पर पर्याप्त आपूर्ति बनाए रखने के लिए अंतिम तैयारी की जा रही है। साथ ही बहुत अधिक सैन्य टुकड़ी भी है। सैन्य अधिकारी ने कहा कि पीएलए निश्चित रूप से सर्दियों के लिए हमारी तैयारियों के बारे में अधिक जानने के लिए इच्छुक है, इसलिए उन लोगों ने ओपी स्थापित करने का निर्णय लिया था। जबकि पीएलए के पास निगरानी कैमरे हैं, वे एलएसी से कुछ दूरी पर हैं। ड्रोन का भी इस्तेमाल किया जाता है लेकिन एक प्रत्यक्ष दृश्य हमेशा ही अगली रणनीति बनाने के लिए अच्छा माना जाता है।

बता दें कि गालवान में भारतीय सेना द्वारा एक ओपी को ध्वस्त करने के बाद ही पीएलए के साथ संघर्ष शुरू हो गया था, क्योंकि चीनियों ने वहां से हटने से इनकार कर दिया था। त्सेचु के स्थानीय लोग, उस बिंदु के सबसे करीब का एक छोटा सा शहर है जहां शुक्रवार को भारतीय और चीनी सैनिक भिड़े थे, क्षेत्र की शांति भंग करने के लिए पीएलए से बेहद नाखुश हैं। यह चूमी ग्यात्से से बमुश्किल कुछ सौ मीटर की दूरी पर हुआ, एक जलप्रपात (108 छोटे झरनों का समूह) जिसे एलएसी के दोनों ओर से हमारे मोनपाओं (अरुणाचल प्रदेश का एक जन समुदाय) द्वारा पवित्र माना जाता है।वहां रहने वाले लोगों में से एक ने कहा कि भारतीय सेना हमारी भावनाओं का सम्मान करती है और कभी भी इस स्थान की पवित्रता को भंग करने के लिए कुछ नहीं करती है। यह दूसरी बार है जब पीएलए ने यहां हंगामा किया है।

पिछले कुछ वर्षों में, भारतीय सेना ने अरुणाचल प्रदेश सरकार की मदद से उस क्षेत्र में बहुत सारे बुनियादी ढांचे का निर्माण किया है। इससे जहां स्थानीय लोगों को मदद मिली है, वहीं सीमा पर सैनिकों और उपकरणों की तेज और आसान आवाजाही में भी मदद मिली है। सेना अधिकारी ने कहा कि जैसे ही हमें पता चला कि पीएलए एलएसी की ओर बढ़ रही है, हमें पता था कि कैसे प्रतिक्रिया देनी है। वे ओपी स्थापित करने के लिए ऊंचे स्थान तक पहुंचने की कोशिश कर रहे थे लेकिन हमने उन्हें रोक दिया और उन्हें वापस जाने के लिए मजबूर कर दिया। चीनी कहते रहे कि पूरा क्षेत्र उनका है लेकिन हमें कोई दिलचस्पी नहीं थी। हमारे कुछ सैनिकों को लगी चोटें मामूली हैं।

विवादित सीमाओं से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करें भारत और चीन: अमेरिका

वाशिंगटन, एजेंसी। अमेरिका ने कहा है कि वह भारत और चीन को उनकी विवादित सीमाओं से जुड़े मुद्दों पर मौजूदा द्विपक्षीय माध्यमों के जरिए चर्चा करने के लिए प्रोत्साहित करता है। हालांकि अमेरिका ने साथ ही कहा कि वह स्थापित वास्तविक नियंत्रण रेखा पर सीमा पार से क्षेत्र पर दावे के किसी भी एकतरफा प्रयास का कड़ा विरोध करता है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरिन ज्यां-पियरे ने कहा, हम इस खबर से खुश हैं कि दोनों पक्षों ने झड़प रोक दी है। हम स्थिति पर करीबी नजर बनाए हैं। भारत और चीन के सैनिकों के बीच नौ दिसंबर को वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर हुई झड़प पर ज्यां-पियरे से सवाल किया गया था। उन्होंने कहा, श्हम विवादित सीमाओं से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करने के लिए मौजूदा द्विपक्षीय माध्यमों का इस्तेमाल करने के लिए भारत और चीन को प्रोत्साहित करते हैं। हम यह देखकर खुश हैं कि फिलहाल झड़प थम गई है।

मनीष तिवारी ने चीनी अतिक्रमण पर लोकसभा में दिया स्थगन नोटिस

नई दिल्ली,एजेंसी । कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने बुधवार को चीनी अतिक्रमण के मुद्दे पर लोकसभा में स्थगन नोटिस दिया। तिवारी के नोटिस में कहा गया है कि कई ऐसे महत्वपूर्ण प्रश्न हैं, जिन्हें पूटे जाने की आवश्यकता है। ये झड़पें क्यों हो रही हैं, पहले गालवान और अब यांग्त्से? चीनी क्या चाहते हैं? क्या सरकार चीनी दुर्भावनापूर्ण इरादों से अवगत है? क्या हमने चीनियों के लिए कोई क्षेत्र खो दिया है? यदि हां, तो सरकार इसे वापस पाने के लिए कैसी योजना बना रही है?

उन्होंने कहा, 2020 से चीन से आयात 273 बिलियन डलर से बढ़कर दोगुना 524 बिलियन डलर हो गया है। पूर्वी लद्दाख से चीनी अरुणाचल प्रदेश पर नजर गड़ाए हुए हैं। रिपोटरें से पता चलता है कि चीन ने बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचे का निर्माण किया है और एलएसी पर अतिरिक्त सैन्य निर्माण किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि कम से कम तीन अतिरिक्त पीएलए ब्रिगेड कथित तौर पर वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर तैनात हैं। अरुणाचल प्रदेश के कुछ सीमावर्ती क्षेत्रों में सैन्य तैनाती में बड़ी कमी के बारे में भी चिंताएं बताई गई हैं।

नोटिस में उल्लेख किया गया है कि देपसांग और डेमचोक जैसे क्षेत्रों में संकट अनसुलझे हैं। स्थानीय लोग जो अब तक चारडिंग ला-निलुंग नाला जंक्शन की यात्रा कर चुके थे, उन्हें चीनियों ने प्रवेश से वंचित कर दिया है। चरवाहों को भी क्षेत्र में प्रवेश करने से रोक दिया गया है।इस बीच चीन ने कथित तौर पर वास्तविक नियंत्रण रेखा के पार पर्याप्त सैन्य बुनियादी ढांचे का निर्माण किया है। चीन लद्दाख में यथास्थिति बहाल करने को तैयार नहीं है, ऐसी स्थिति जो भारत को भारी नुकसान हो रहा है।

लोकसभा में कांग्रेस, द्रमुक सहित कुछ विपक्षी दलों के सदस्यों ने प्रश्नकाल में सदन से किया वॉकआउट

नईदिल्ली, एजेंसी । लोकसभा में बुधवार को कांग्रेस, द्रमुक सहित कुछ विपक्षी दलों के सदस्यों ने प्रश्नकाल के दौरान कई मुद्दे उठाने का प्रयास किया और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से इसकी अनुमति नहीं मिलने पर सदन से वकआउट किया। सुबह सदन की कार्यवाही शुरू होने पर कांग्रेस के अधीर रंजन चौधरी और द्रमुक के टी आर बालू को कुछ मुद्दों को उठाने का प्रयास करते देखा गया। हालांकि शोर-शराबे में उनकी आवाज नहीं सुनी जा सकी। एक सदस्य को श्जस्टिस फर स्टेन स्वामी लिखी तख्ती प्रदर्शित करते देखा गया। इस पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा, श्श प्रश्नकाल सभी सदस्यों का है। क्या विपक्ष प्रश्नकाल नहीं चलने देना चाहता है। प्रश्नकाल में रोज हंगामा करना अच्छी बात नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार से सवाल पूछना और जवाब लेना विपक्ष का अधिकार है। क्या अपने ही अधिकारों से विपक्ष वंचित होना चाहता है? सदन में कुछ सदस्यों के तख्तियां दिखाने पर बिरला ने कहा कि तख्तियां लाना छोड़ दें, यह ठीक नहीं है। लोकसभा अध्यक्ष ने द्रमुक सदस्य टी आर बालू से कहा कि वह सदस्यों को सभी महत्वपूर्ण मुद्दों पर बोलने का पूरा मौका देते हैं। इसके बाद कांग्रेस, द्रमुक, राकांपा और नेशनल कन्फ्रेंस के सदस्यों ने प्रश्नकाल के दौरान सदन से वकआउट किया। इनमें से कुछ सदस्य श्नहीं चलेगा, नहीं चलेगा नारे लगा रहे थे।

दिल्ली में शख्स ने छात्रा पर किया तेजाब से हमला

नई दिल्ली,एजेंसी । दिल्ली के द्वारका इलाके के पास एक व्यक्ति ने 12वीं कक्षा की एक छात्रा पर तेजाब दें ककर उसे घायल कर दिया। छात्रा का इलाज सफदरजंग अस्पताल में चल रहा है। पुलिस उपायुक्त (द्वारका) एम. हर्षवर्धन के मुताबिक, पुलिस कंट्रोल रूम (पीसीआर) को सुबह करीब 9 बजे मोहन गार्डन इलाके में तेजाब हमले की घटना के बारे में सूचना मिली।

फोन करने वाले ने पुलिस को बताया कि सुबह करीब साढ़े सात बजे बाइक पर पीटे बैठे एक व्यक्ति ने 17 वर्षीय एक छात्रा पर तेजाब जैसे किसी पदार्थ से हमला किया।डीसीपी ने कहा, घटना के समय युवती अपनी छोटी बहन के साथ थी। उसने दो परिचितों पर संदेह जताया है। एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है।

यूजीसी प्रमुख का बड़ा बयान

चार वर्षीय स्नातक के बाद सीधे हो सकेगी पीएचडी, मास्टर्स जरूरी नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग यानी यूजीसी के चेयरमैन प्रोफेसर एम जगदीश कुमार ने बुधवार को कहा कि चार वर्षीय स्नातक डिग्री वाले छात्र अब सीधे पीएचडी कर सकते हैं और उन्हें अब आगे मास्टर डिग्री करने की आवश्यकता नहीं होगी। हाल ही में यूजीसी ने चार साल के कार्यक्रम के रूप में अनर्स डिग्री पाठ्यक्रमों को परिभाषित करते हुए स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए नए क्रेडिट और पाठ्यक्रम की रूपरेखा की घोषणा की थी।

यूजीसी के अध्यक्ष प्रोफेसर एम जगदीश कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय तीन और चार साल के कार्यक्रमों के बीच चयन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह विश्वविद्यालयों पर छोड़ दिया गया है कि वे क्या पढ़ाना चाहते हैं या कौनसा पाठ्यक्रम संचालित करना चाहते हैं। इस बारे में वे खुद छात्रों की मांग और आवश्यकताओं के आधार पर तय कर सकते हैं। हालांकि, कुमार ने स्पष्ट किया कि चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रम पूरी तरह से लागू होने तक तीन वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम बंद नहीं किए जाएंगे। चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रम के फायदे गिनाते हुए यूजीसी प्रमुख ने कहा कि छात्रों को पीएचडी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मास्टर डिग्री करने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि पहला फायदा यह है कि उन्हें पीएचडी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मास्टर डिग्री करने की जरूरत नहीं है। वे किसी दिए गए डिसिप्लिन का गहन ज्ञान हासिल करने या एक्सपर्टाइज के लिए एक या दो प्रमुख पाठ्यक्रम भी ले सकते हैं। यूजीसी प्रमुख प्रोफेसर एम जगदीश कुमार ने बताया कि मौजूदा चइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम को संशोधित करके फ्रेमवर्क विकसित किया गया है। कार्यक्रम के तहत, छात्र वर्तमान की तरह तीन साल के पाठ्यक्रम के बजाय केवल चार साल की अनर्स डिग्री हासिल कर सकेंगे। अनर्स डिग्रियां भी दो श्रेणियों - अनर्स और अनर्स विद रिसर्च में प्रदान की जाएंगी।

किसानों को आधुनिक डिजिटल तकनीक देकर उन्हें सशक्त और क्षमतावान बनाया गया : प्रह्लाद सिंह पटेल

नई दिल्ली, एजेंसी (आरएनएस)। केंद्र की भाजपा सरकार में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्यमंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किसानों को आधुनिक डिजिटल तकनीक देकर उन्हें सशक्त और क्षमतावान बनाया है। केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा किसानों के हित में उठाए गए अनेक कदमों के बारे में पटेल ने कहा कि डिजिटल तकनीक के माध्यम से किसान कई तरह की परेशानियों से बच गए हैं और लूट-भ्रष्टाचार और बिचौलियों से उन्हें मुक्ति मिली है।प्रह्लाद सिंह पटेल ने कहा कि डिजिटलाइजेशन के माध्यम से सरकार द्वारा किसानों को दी जाने वाली सहायता राशि अब सीधे किसानों तक पहुंचने लगी है, जिससे किसानों को कारोबार करने के नए मौके मुहैया हुए हैं और वे उनका फायदा उठा पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए बीज से बाजार तक एक नई अवधारणा बनाई है जिसमें डिजिटल एग्रीकल्चर मिशन एक चमत्कार साबित हुआ है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि इस मिशन ने किसान की परिस्थितयों और जीवनस्तर में बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है।प्रह्लाद सिंह पटेल ने कहा कि ई-नाम मंडी के जरिए देशभर में 1.74 करोड़ से अधिक किसानों को जोड़ा गया है और 236 लाख व्यापारों को ई-नाम के जरिए पंजीत किया गया है, जिनके माध्यम से 222 लाख करोड़ रूपयों का व्यापार हुआ है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से देश के 1137 करोड़ किसानों को लाभ पहुंचा है और इस योजना के माध्यम से इन किसानों के खाते में 2.16 लाख करोड़ रूपए सीधे जमा कराए गए हैं। उन्होंने कहा कि डिजिटल क्रांति के बाद किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में भी काफी लाभ मिला है। उन्होंने बताया कि सैटेलाइट के जरिए किसानों की फसल की देखभाल की गई। पटेल ने कहा कि वर्ष 2021-22 में इस योजना के लिए 16 हजार करोड़ रूपए आवंटित हुए और 2016 से 2022 तक 38 करोड़ किसानों को इस योजना में पंजीत किया गया और 1,28,522 करोड़ रूपए से अधिक क्लेम का भुगतान किया गया, जबकि 25,185 करोड़ रूपए किसानों द्वारा बीमा प्रीमियम के रूप में दिए गए। श्री पटेल ने कहा कि किसान उत्पादक संघ के तहत 3,855 से भी ज्यादा एफपीओ रजिस्टर्ड किए गए, सयल हेल्थ कार्ड के अंतर्गत 22.71 करोड़ कार्ड बनाए गए और देशभर में 11 हजार 531 टेस्टिंग प्रयोगशालाएँ मंजूर की गईं। प्रह्लाद सिंह पटेल ने बताया कि पिछली सरकार के समय में प्रधानमंत्री षि सिंचाई योजना का आवंटन 6,057 करोड़ रूपए था जबकि मोदी सरकार ने इस योजना में करीब 136 फीसदी का इजाफा करते हुए इसे बढ़ाकर 15,511 करोड़ रूपए कर दिया है। उन्होंने कहा कि माइक्रो इरिगेशन फंड के तहत 17.09 लाख हेक्टेयर क्षेत्र को कवर करते हुए 4710.96 करोड़ रूपयों की परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। इसके अलावा 5,000 करोड़ रूपए की प्रारंभिक राशि से नाबार्ड में एक सूक्ष्म सिंचाई कोष बनाया गया है और कार्पस फंड 10,000 करोड़ रूपए रखा गया है। श्री पटेल ने ये भी बताया कि पिछली सरकार के समय में षि ाण प्रवाह 73 लाख करोड़ रूपए था केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने बढ़ाकर 2022-23 में 185 लाख करोड़ रूपए कर दिया है।

दो साल में पहली बार दिसंबर में दिल्ली में वायु गुणवत्ता मध्यम श्रेणी में

नई दिल्ली,एजेंसी । दिल्ली में बुधवार को न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से एक डिग्री अधिक है जबकि वायु गुणवत्ता मध्यम श्रेणी में दर्ज की गई. भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा कि अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है. न्यूनतम तापमान अगले दो से तीन दिनों में गिरकर सात डिग्री तक पहुंचने की आशंका है क्योंकि बर्फीली पहाडियों से सर्द हवाएं उत्तर की ओर आनी शुरू हो गई हैं. पश्चिमी विक्षोभ की अनुपस्थिति के कारण दिल्ली में दिसंबर में अब तक सामान्य से अधिक तापमान देखा गया है।निजी मौसम पूर्वानुमान एजेंसी श्स्काईमेट वेदर के उपाध्यक्ष (मौसम विज्ञान और जलवायु परिवर्तन) महेश पालावत ने कहा, मजबूत पश्चिमी विक्षोभ के कारण पहाड़ों में अच्छी बर्फबारी हुई है और इसके कारण ठंड बढ़ी है ।

भाजपा संसदीय दल की बैठक में गुजरात जीत के लिए मोदी का भव्य स्वागत

नई दिल्ली,एजेंसी । भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की संसदीय दल की बुधवार को बैठक हुई, जिसमें गुजरात की ऐतिहासिक जीत के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का भव्य स्वागत किया गया.

संसद के शीतकालीन सत्र में यह भाजपा संसदीय दल की पहली बैठक थी. बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा सहित कई केंद्रीय मंत्रियों और पार्टी सांसदों ने हिस्सा लिया. संसद भवन परिसर स्थित संसदीय सौंध में हुई इस बैठक में प्रधानमंत्री के पहुंचते ही जोरदार तालियों से उनका स्वागत किया गया. इसके बाद भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने माला पहनाकर उनका स्वागत किया।बैठक के बाद संवाददाताओं को संबोधित करते हुए संसदीय कार्यमंत्री प्रह्लाद जोशी ने बताया कि प्रधानमंत्री ने गुजरात की ऐतिहासिक जीत का श्रेय भाजपा की प्रदेश इकाई और उसके अध्यक्ष सी आर पाटिल के साथ ही पार्टी की संगठनात्मक मजबूती को दिया. सूत्रों के मुताबिक मोदी ने बैठक में कहा कि यदि संगठन मजबूत होता है तो जीत कैसे संभव बनाई जा सकती है।

भाजपा की गुजरात इकाई इसका एक उदाहरण है।बैठक में सी आर पाटील की प्रधानमंत्री द्वारा की गई सराहना को इस रूप में भी देखा जा रहा है कि आने वाले दिनों में पार्टी उन्हें कोई अहम जिम्मेदारी दे सकती है. पाटिल को प्रधानमंत्री मोदी का बेहद करीबी और विश्वसनीय सहयोगी माना जाता है. प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा की भी सराहना की. अपने संबोधन के दौरान प्रधानमंत्री ने भारत के जी-20 की अध्यक्षता मिलने का भी जिक्र किया।

खादी और ग्रामोद्योग आयोग ने मधुमक्खी पालने वाले बॉक्सों का वितरण किया

नई दिल्ली, एजेंसी । खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष मनोज कुमार ने आगरा में चर्म प्रायोगिक परियोजना के तहत चप्पल और जूते बनाने वाली मशीनों तथा बाराबंकी जनपद में श्ग्रामोद्योग विकास योजना के तहत मधुमक्खी पालने वाले बक्सों का वितरण किया। यह कार्य 13 दिसंबर, 2022 को डिजिटल स्वरूप में पूरा किया गया।लाभार्थियों को पांच दिनों का प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण बाराबंकी जनपद के दो स्व-सहायता समूहों श्वैष्णव और ज्ञान ने दिया था। इन समहों को मधु मिशन के तहत 200 मधुमक्खी पालने वाले बक्से और उपकरण वितरित किये गये। इस अवसर पर खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष ने मधुमक्खी पालन से जुड़ी समस्याओं पर लाभार्थियों से बातचीत की और उन्हें अपने-अपने क्षेत्रों में मधुमक्खी पालन को आगे बढ़ाने के लिये प्रोत्साहित किया। बाद में उनके बारे में फीडबैक भी लिया गया तथा उन्हें प्रेरित किया गया कि वे अपने काम को आगे बढ़ायें।इसके अलावा, मनोज कुमार ने चर्मकला मिशन के तहत 10 लाभार्थियों को पादुकायें बनाने वाली मशीनें और उपकरण भी वितरित किये।

मेघालय में टीएमसी विधायक समेत 4 विधायको ने भाजपा का हाथ थामा

नई दिल्ली, एजेंसी । भारतीय जनता पार्टी में मेघालय के चार विधायक असम के मुख्यमंत्री हिमंता विश्व शर्मा और राज्यसभा सदस्य और बीजेपी के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनिल बलूनी नर्थ ईस्ट के प्रभारी और राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा के साथ नर्थ ईस्ट के सह प्रभारी। तुराज सिन्हा की उपस्थिति में शामिल हुए। मेघालय में भाजपा और मजबूत हो गई है। राज्य के चार विधायक भाजपा में शामिल हो गए हैं। भाजपा में शामिल होने वालों में एनपीपी के दो, टीएमसी का एक और एक निर्दलीय विधायक शामिल हैं। चारों विधायकों ने दिल्ली स्थित भाजपा पार्टी मुख्यालय में हिमंता विस्वा शर्मा ने फेरलीन संगमा, सैमुअल संगमा, बेनेडिक माराक और एचएम शांगप्लियांग ने भाजपा की सदस्यता दिलाई।

हिमंता विश्व शर्मा ने कहा कि 2023 फरवरी में मेघालय में विधानसभा चुनाव होने हैं और इससे पहले ही वहां के चार विधायक जो कि अलग-अलग पार्टी से संबंध रखते हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास कार्यों को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए। हिमंता विस्वा सरमा ने कहा कि

विधायक बेनेडिक्ट आर मराक, विधायक हिमालय मुक्तन सैपलिंग , विधायक फर्लिक संगमा और विधायक सैमुअल संगमा यह सभी लोग आगामी विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को और भी मजबूती से चुनाव जिताने का काम करेंगे। हिमंता विस्व सरमा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नार्थ इस्ट राज्यों में तीव्र गति से विकास हो रहा है उससे पूर्वोत्तर के चारो विधायक प्रभावित होकर भाजपा में शामिल हुए हैं। शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के नेतृत्व में चारो विधायकों को पार्टी में काम करना चाहते हैं उन्हें पार्टी में स्वागत करते हैं। उनके आने से नार्थ इस्ट में भाजपा मजबूत होगा। शर्मा ने कहा कि नार्थ इस्ट में सड़कों का जाल बिछाया गया है, रेल की कनेक्टीविटी और हवाई सेवाओं की सुविधाएं बढ़ी है। आज नार्थ इस्ट देश की मुख्यधारा में शामिल होकर विकास में योगदान दे रहा है। परिणाम स्वरूप नार्थ इस्ट के तीन राज्यों में लगागतार भाजपा की दोबारा सरकारें बनी है। अरूणाचल प्रदेश असम और मणिपुर में भाजपा की दोबारा सरकार बनी। भाजपा ने नार्थ इस्ट में स्थायी उपस्थिति दर्ज करायी है। भाजपा अब मेघालय, त्रिपुरा और नागलैंड आगामी चुनाव की तैयारियों में जुट गयी है और बेहतर प्रदर्शन करेगी। नार्थ इस्ट के सह प्रभारी। तुराज सिन्हा ने कहा कि अगले कुछ महीनों बाद मेघालय चुनाव होने हैं। भाजपा मेघालय प्रदेश के अध्यक्ष अरनिस माउरे के नेतृत्व में भाजपा के कार्यकर्त्ता पूर्णत सक्रिय होकर सर्वव्यापी और समावेशी अभियान चला रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संदेशों घर घर तक पहुंचाया है। मोदी फर डैवलपमेंट और बीजेपी फर मेघालय स्लोगन के साथ भाजपा का अभियान चल रहा है। नार्थ इस्ट के विकास के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व मे अमूलचूल परिवर्तन हो रहा है।

नरेन्द्र मोदी की नार्थ इस्ट के विकास के प्रति करबद्धता और कटिबद्धता सबको आकर्षित कर रहा है। राष्ट्रीय प्रवक्ता और नर्थवेस्ट के प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि एनपीपी के विधायक बेनेडिक्ट आर मराक पहले एनपीपी से थे।

पेले और माराडोना की जमात में शामिल होने से एक जीत दूर मेस्सी

नई दिल्ली,। फुटबॉल का महासमर, पहले कदम पर मिली हार लेकिन हार नहीं मानने का जज्बा और सपना पूरा करने का जुनून । वह सपना जो लियोनेल मेस्सी पिछले दो दशक से देख रहे हैं और अब कैरियर के आखिरी पड़ाव पर उसे पूरा करने के लिये बस एक आखिरी तिलिस्म तोडना है ।

मात्र 11 बरस की उम्र में ग्रोथ हामीन की कमी (जीएचडी) जैसी बीमारी से जूझने से लेकर दुनिया के महानतम फुटबॉलरों में शामिल होने तक मेस्सी का सफर जुनून, जुझारूपन और जिजीविषा की अनूठी कहानी है और रविवार को फाइनल में अगर वह टीम को खिताब दिला पाते हैं तो फुटबॉल के इतिहास की जीवित किवदंती बन जायेंगे ।

रविवार को फ्रांस या मोरक्को को हराकर अर्जेंटीना अगर विश्व कप जीत लेता है तो मेस्सी का नाम पेले और डिएगो माराडोना जैसे महानतम खिलाडियों की सूची में दर्ज हो जायेगा । इस बहस पर भी विराम लग जायेगा कि माराडोना और मेस्सी में से कौन महानतम है । देश के लिये खिताब नहीं जीत पाने के मेस्सी के हर घाव पर भी मरहम लग जायेगा । सात बार बलोन डिओर, रिकॉर्ड छह बार यूरोपीय गोल्डन शूज, बार्सीलोना के साथ रिकॉर्ड 35 खिताब, ला लिगा में 474 गोल , एक क्लब (बार्सीलोना) के लिये सर्वाधिक 672 गोल कर चुके मेस्सी को विश्व कप नहीं जीत पाने की टीस हमेशा से रही है । उन्हें पता है कि यह उनके पास आखिरी मौका है और इसे यादगार बनाने में वह कोई कसर नहीं छोडना चाहते ।

अर्जेंटीना ने जब आखिरी बार 1986 में विश्व कप जीता तब माराडोना देश के लिये खुदा बन गए । उनके आसपास पहुंचने वाले सिर्फ मेस्सी थे लेकिन विश्व कप नहीं जीत पाने से उनकी महानता पर ऊंगलियां गाहे बगाहे उठती रहीं । ऊंगली तब भी उठी जब 2014 में फाइनल में जर्मनी ने अर्जेंटीना को एक गोल से हरा दिया था । सवाल तब भी उठे जब इस विश्व कप के पहले ही मैच में सउदी अरब ने मेस्सी की टीम पर अप्रत्याशित जीत दर्ज की । उस हार ने मानो अर्जेंटीना और मेस्सी के लिये किसी संजीवनी का काम किया । मैच दर मैच दोनों के प्रदर्शन में निखार आता गया और पिछली उपविजेता क्रोएशिया को एकतरफा सेमीमुकाबले में हराकर वह फुटबॉल के सबसे बड़े समर के फाइनल में पहुंच गए ।

इस जीत के सूत्रधार भी मेस्सी ही रहे जिन्होंने 34वें मिनट में पेनल्टी पर पहला गोल दागा और फिर जूलियर अलकारेज के दोनों गोल में सूत्रधार की भूमिका निभाई । आर्थिक अस्थिरता से जूझ रहे अपने देशवासियों के लिये मसीहा बन गए मेस्सी और पूरे अर्जेंटीना को जीत के जश्न में सराबोर कर दिया । मेस्सी का विश्व कप का सफर 2006 में शुरू हुआ और अब तक वह सबसे ज्यादा 25 मैच खेल चुके हैं । विश्व कप के इतिहास में अर्जेंटीना के लिये सर्वाधिक 11 गोल कर चुके हैं । उम्र को धता बताकर इस विश्व कप में चार गोल, दो में सूत्रधार की भूमिका निभाने के बाद तीन मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर' के पुरस्कार जीत चुके हैं । रोसारियो में 1987 में एक फुटबॉल प्रेमी परिवार में जन्मे मेस्सी ने पहली बार घर के आंगन में अपने भाइयों के साथ जब फुटबॉल खेला तो किसी ने सोचा भी नहीं होगा कि एक दिन दुनिया के महानतम खिलाडियों में उनका नाम शुमार होगा ।

बार्सीलोना के लिये लगभग सारे खिताब जीत चुके पेरिस सेंट जर्मेन के इस स्टार स्ट्राइकर ने 2004 में बार्सीलोना के साथ अपने क्लब कैरियर की शुरूआत 17 वर्ष की उम्र में की । उन्होंने 22 वर्ष की उम्र में पहला बलोन डिओर जीता । अगस्त 2021 में बार्सीलोना से विदा लेने से पहले वह क्लब फुटबॉल के लगभग तमाम रिकॉर्ड अपने नाम कर चुके थे । मेस्सी ने विश्व कप में पदार्पण 2006 में जर्मनी

में सर्बिया और मोंटेनीग्रो के खिलाफ ग्रुप मैच में किया जिसे देखने के लिये माराडोना भी मैदान में मौजूद थे । 18 वर्ष के मेस्सी 75वें मिनट में सब्स्टीट्यूट के तौर पर मैदान पर उतरे थे ।

बीजिग ओलंपिक 2008 में अर्जेंटीना ने फुटबॉल का स्वर्ण पदक जीता तो 2010 विश्व कप में मेस्सी से अपेक्षायें बढ़ गईं । अर्जेंटीना को क्वार्टर फाइनल में जर्मनी ने हराया और पांच मैचों में मेस्सी एक भी गोल नहीं कर सके ।

चार साल बाद ब्राजील में अकेले दम पर टीम को फाइनल में ले जाने वाले मेस्सी अपने आंसू नहीं रोक सके जब उनकी टीम एक गोल से हार गई इसके बाद 2018 में रूस में पहले नॉकआउट मैच में अर्जेंटीना को फ्रांस ने 4 . 3 से हरा दिया और तीन में से दो गोल मेस्सी के नाम थे । पिछले चार साल में इस महान खिलाड़ी ने एक ही सपना देखा ...विश्व कप जीतने का । क्वार्टर फाइनल में मिली जीत के बाद खुद मेस्सी ने कहा था ,डिएगो आसमान से हमें देख रहे हैं और विश्व कप जीतने के लिये प्रेरित कर रहे हैं । उम्मीद है कि आखिरी मैच तक वह ऐसा ही करते रहेंगे । माराडोना के करिश्मे को फिर दोहराने के लिये मेस्सी के पास रविवार का फाइनल है जिसका इंतजार अर्जेंटीना के साथ पूरी दुनिया को है ।

सेमीफाइनल में हार के साथ विश्व कप से विदा हुए मोडरिच

लुसैल , अर्जेंटीना के हाथों सेमीफाइनल में हार के साथ ही क्रोएशिया की टीम विश्व कप से बाहर हो गई और उसके महानतम खिलाड़ी लुका मोडरिच की भी टूर्नामेंट से विदाई हो गई । मोडरिच की जगह 81वें मिनट में लोवरो मायेर को उतारा गया जब उनकी टीम तीन गोल से पीछे थी । यह विश्व कप से इस महान मिडफील्डर की विदाई कर पल था ।

चार साल पहले फाइनल में फ्रांस से हारने वाली क्रोएशिया की टीम भी चंद मिनट बाद फुटबॉल के महासमर से रूखसत हो गई किनारे पर खड़े मोडरिच ने अपनी कमीज से चेहरा ढक लिया । लाल और सफ़ेद रंगों में लिपटे क्रोएशिया के समर्थकों को इस पल की अहमियत का अहसास हुआ और अपने देश के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के अभिवादन के लिये वे उठ खड़े हुए । अर्जेंटीना के प्रशंसकों ने भी खड़े होकर इस चैम्पियन को विदाई दी ।मोडरिच से पहले उनके हमउम्र 37 वर्ष के क्रिस्टियानो रोनाल्डो की भी फुटबॉल के इस महासमर से विदाई हुई थी । दोनों ने ही क्लब के साथ बेशुमार खिताब और ट्रॉफियां जीती लेकिन विश्व कप जीतने से वंचित रह गए । चार साल पहले रूस में टीम को फाइनल तक ले जाने वाले मोडरिच पर 40 लाख देशवासियों की उम्मीदें टिकी थी ।

क्रोएशिया ने क्वार्टर फाइनल में नेमार की ब्राजील टीम को हराया लेकिन लियोनेल मेस्सी की अर्जेंटीना से पार नहीं पा सके ।रीयाल मैड्रिड के साथ पांच बार चैम्पियंस लीग खिताब और 2018 में फीफा के सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलर का पुरस्कार जीत चुके मोडरिच 2024 यूरो चैम्पियनशिप में फिर क्रोएशिया के लिये खेल सकते हैं जो शायद देश के लिये उनका आखिरी टूर्नामेंट होगा ।

एलिस पेरी के तुफान में उड़ी भारतीय महिला टीम

नई दिल्ली, भारतीय महिला और ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम के बीच पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की सीरीज का आज तीसरा मैच मुंबई के ब्रेबोर्न क्रिकेट ग्राउंड पर खेला गया। विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 23 रन से हारकर सीरीज में 2–1 की बढ़त हासिल कर ली है। भारत ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। भारतीय महिला टीम ने ऑस्ट्रेलिया टीम के दो विकेट जल्दी ले लिए थे, लेकिन एलिस पेरी के अर्धशतक और ग्रेस हैरिस की तुफानी पारी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने 8 विकेट के नुकसान पर 172 रन बनाए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय महिला टीम की शुरुआत खराब रही। दूसरे मैच की हीरो रही स्मृति मंधाना एक रन बनाकर आउट हो गई। जेमिमा भी कुछ खास नहीं कर सकीं, वह 16 रन के निजी स्कोर पर आउट हुई। इसके बाद शैफाली वर्मा और कप्तान हरमनप्रीत कौर ने संभलकर खेला।

बीबीसी शो पर कार दुर्घटना में घायल फ्लिंटॉफ अस्पताल में भर्ती

लंदन, इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर एंड्रयू फ्लिंटॉफ बीबीसी के शो टॉप गियर' की शूटिग के दौरान कार दुर्घटना में चोटिल हो गए और उन्हें एयर एंबुलैंस से अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा । टीवी प्रस्तोता बने 45 वर्ष के फ्लिंटॉफ को सर्रे के डंसफोल्ड एयरोड्रम पर शूटिग के दौरान चोट लगी ।

बीबीसी ने एक बयान में कहा , फ्रेडी सुबह टॉप गियर की शूटिग के दौरान एक हादसे में घायल हो गया । उन्हें उपचार के लिये अस्पताल ले जाया गया है । रिपोर्ट के अनुसार फ्लिंटॉफ की चोट जानलेवा नहीं है और वह सामान्य गति से ड्राइव कर रहे थे । एक सूत्र ने बताया कि सुरक्षा और स्वास्थ्य उपायों का पूरा बंदोबस्त किया गया था ।उन्हें एयर एंबुलैंस से अस्पताल ले जाया गया और शूटिग फिलहाल स्थगित कर दी गई है । इससे तीन साल पहले भी टॉप गियर के ही एक एपिसोड की शूटिग के दौरान फ्लिंटॉफ हादसे से बाल बाल बचे थे । इंग्लैंड के लिये 79 टेस्ट और 141 वनडे खेल चुके फ्लिंटॉफ ने 2009 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा ।

फिल्मी गपशप

रंजीत के बेटे जीवा का दावा— फिल्मों में पिता की मौत का सीन देखकर होती थीं नफरत

नई दिल्ली,अभिनेता रंजीत का बेटा जीवा जल्द फिल्म गोविंदा नाम मेरा से बॉलीवुड डेब्यू करने वाला है। इस फिल्म का निर्देशन शशांक खेतान ने किया है। वहीं इस फिल्म में विकी कौशल, कियारा आडवाणी और भूमि पेडणेकर की अहम भूमिका है। अपने डेब्यू फिल्म से पहले जीवा ने एक इंटरव्यू दिया है। इसमें उन्होंने कहा है कि जब उन्होंने अपने पिता को इस बात की जानकारी कि वे उनके नक्शे कदम पर चलते हुए एक्टिंग करने वाले हैं, तब यह बात सुनकर उनके पिता चौंक गए क्योंकि वह अपने पिता को बिना बताए ऑडिशन देने जाते थे।

जीवा को फिल्म मिलने की बात सुनकर रंजीत खुशी से उछल पड़े

जीवा ने इस बात का भी खुलासा किया कि जब उन्होंने पिता से कहा कि उन्हें फिल्म मिल गई है, तब रंजीत यह जानकर खुशी से उछल पड़े। जब उनसे पूछा गया कि बचपन

में फिल्म के सेट पर जाना उनके लिए कितना यादगार रहा है। इस पर उन्होंने कहा, 'यह मेरे लिए काफी उतार–चढ़ाव भरा रहा है। बचपन में मुझे फिल्मों से नफरत थी क्योंकि हर फिल्म में मेरे पिता की मौत हो जाती थी। जब मैं फिल्में देखता था तो मुझे लगता था ऐसा क्यों हो रहा है। मेरी मां ने पिता के साथ दो फिल्मों में काम किया, तब मुझे लगा कि काश ये दोनों फिल्में अच्छी होंगी लेकिन बाद में मुझे मालूम पड़ा कि ये दोनों भी हॉरर फिल्में हैं और दोनों ही फिल्मों में मेरे माता–पिता को राक्षस मार देता है।'

'मुझे पिता की उपलब्धियों पर गर्व है'

जीवा आगे कहते है, 'इन फिल्मों को देखकर मुझे लगा कि मैं यह क्या देख रहा हूं और मेरे साथ ऐसा क्यों हो रहा है लेकिन जब मैं समझदार हुआ, तब मुझे उनकी भूमिकाओं के बारे में समझ आया और मुझे उनकी भूमिकाओं से प्यार होने लगा। मेरे पिता ने इंडस्ट्री में बहुत कुछ पाया है। बचपन में मुझे लगता था कि पिता यह क्यों कह रहे हैं लेकिन अब मुझे उनकी उपलब्धियों पर गर्व है।'

जीवा ने इस अवसर पर रिजेक्शन पर भी बात की

जब जीवा से नेपोटिज्म पर बात की गई, तब उन्होंने कहा, 'आपको इमानदार होना पड़ता है। आपको चीजें मिलती हैं'' इस अवसर पर उन्होंने रिजेक्शन के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, 'मैं अपना खुद का बहुत बड़ा क्रिटिक हूं।

आरआरआर फेम राम चरण पहनते हैं 3 करोड़ रुपये की घड़ी, लुक देखकर मुंह रह जाएगा खुला

नई दिल्ली, फिल्म आरआरआर में अहम भूमिका निभाने वाले राम चरण ने 3 करोड़ रुपये की एक्सपेंसिव लिमिटेड एडिशन घड़ी पहनते है। राम चरण अपनी लग्जरियस लाइफ के लिए जाने जाते हैं। उनके पास कई चीजों का महंगा कलेक्शन हैं। राम चरण अपनी लाइफ लार्जर देन लाइफ जीते हैं। वह क्लासिक और कंफर्टेबल चीजों में पैसे का मुंह नहीं देखते।

राम चरण के पास महंगी घड़ियों का कलेक्शन है

राम चरण के पास कोई महंगी चीजें हैं। इसमें उनकी घड़ियों का कलेक्शन भी शामिल है। वहीं वह जूतों के मामले में भी काफी महंगा शौक रखते हैं। राम चरण ने हाल ही में राणा दग्गुबाती के साथ अपनी एक थ्रोबैक फोटो शेयर की

थी। दरअसल वो राणा दग्गुबाती को उनके 38वें जन्मदिन पर बधाई दे रहे थे। राणा दग्गुबाती और राम चरण बचपन के दोस्त हैं। दोनों की दोस्ती खास है। इस अवसर पर राम चरण के हाथ में पहनी हुई 2 करोड़ रुपये की घड़ी भी नजर आ रही है।

राम चरण की रिचर्ड मिली आर एम 61–01 योहान ब्लैक वॉच की कीमत 3 करोड़ के करीब है

राम चरण ने रिचर्ड मिली आर एम 61–01 योहान ब्लैक वॉच पहन रखी है जो कि सफायर क्रिस्टल की बनी हुई है। इस घड़ी की यूएसपी यह है कि यह मैन्युअल वाइंडिंग और वाटर रेजिस्टेंस है।

पति रणबीर कपूर की फिल्म का टाइटल देख चकराया आलिया का दिमाग

नई दिल्ली, रणबीर कपूर और श्रद्धा कपूर अभिनीत रोमांटिक ड्रामा अनटाइटल फिल्म के टाइटल मैं झूठा तू मक्कार का एलान कर दिया है। जबकि मेकर्स ने मंगलवार को अपनी इस फिल्म का एक पोस्टर साझा कर फिल्म शॉट नाम का खुलासा किया था और फैंस को फिल्म का नाम गेस करने को भी कहा था, लेकिन अब बुधवार को खुद मेकर्स ने अपनी इस फिल्म के नाम का खुलासा करते हुए एक टीजर वीडियो साझा किया है, जिसमें रणबीर और श्रद्धा को दर्शकों से परिचित कराया जा रहा है।

आलिया ने टाइटल देख यूं किया रिएक्ट

अपने पति रणबीर कपूर की अपकमिंग फिल्म के टाइटल का खुलासा होने के बाद अब आलिया भट्ट ने एक बार फिर से फिल्म के टाइटल पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। एक्ट्रेस ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम स्टोरी पर फिल्म का टीजर साझा कर लिखा, मेरे सोचा हुआ टाइटल इस टाइटल के आस–पास ही था और अब मैं इस फिल्म को देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकती।

दीपिका पादुकोण के 'बेशरम रंग' पर एमपी में बवाल, गृहमंत्री और कांग्रेस ने एक साथ जताया एतराज

नई दिल्ली, : शाह रुख खान की बहुप्रतीक्षित फिल्म पठान का नया गाना बेशरम रंग हाल ही में रिलीज किया गया था। इस गाने में शाह रुख खान और दीपिका पादुकोण ने काफी बोल्ड सीन दिए हैं। इस बीच फिल्म के इस गाने के सीन को लेकर काफी विवाद भी हुआ है। दरअसल दीपिका पादुकोण ने गाने में भगवे रंग की ड्रेस पहन रखी है। वहीं शाह रुख खान हरे रंग की शर्ट पहने नजर आ रहे है। इसे लेकर काफी विवाद हुआ है और दोनों को काफी ट्रोल भी किया गया।

बेशरम रंग पर मध्य प्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने प्रतिक्रिया दी है

अब इस पर मध्य प्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने भी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा है कि पठान फिल्म के गाने में एक्ट्रेस की ड्रेस और सीन को ठीक किया जाना चाहिए, अन्यथा इस फिल्म को मध्यप्रदेश में रिलीज नहीं होने दिया जाएगा। वहीं मध्यप्रदेश के प्रतिपक्ष और कांग्रेस के नेता गोविंद सिंह ने भी इस सीन को लेकर

आपत्ति जताई थी और उन्होंने भी इस पर कड़ा ऐतराज जताया था। गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने आगे कहा, 'कॉस्टयूम काफी आपत्तिजनक है और इसे देखकर साफ पता चलता है कि यह दूषित मानसिकता से शूट किया गया है। वहीं दीपिका पादुकोण टुकड़े–टुकड़े गैंग की समर्थक है। इसलिए इस सीन को ठीक करना होगा।' वहीं मध्य प्रदेश कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह ने भी आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा, 'जो सीन दिखाया गया, वह काफी गंदा है। भारतीय संस्कृति इसे बिल्कुल भी स्वीकार नहीं कर सकती।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074,
9412081969
e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com